शनिवार
29 जनवरी 2022



पृष्ठ 4
अगर नाक पर पड़ चुके हैं चश्मे के दाग तो इन घरेलू उपायों से हटाए



पृष्ठ 5
यशराज फिल्म्स की तरफ से सामंथा को मिला तीन फिल्मों का ऑफर?



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 06
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00


**आज का विचार**

दुख और वेदना के अथाह सागर वाले इस संसार में प्रेम की अत्यधिक आवश्यकता है।
– डॉ. रामकुमार वर्मा


# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com


## बागियों ने उड़ाई भाजपा की नींद



**❑दो दर्जन से अधिक सीटों पर पड़ सकता है असर**
**❑भाजपा के सामने डैमेज कंट्रोल की बड़ी चुनौती**

संवाददाता

देहरादून। 2022 के विधानसभा चुनाव में अब की बार 60 पार का नारा देने वाली भाजपा की मुश्किलें बागियों ने बढ़ा दी है। राज्य की दो दर्जन से भी अधिक सीटों पर भाजपा के अंदर भारी बगावत देखी जा रही है। जिनमें से 15 से 16 सीटों पर तो पार्टी के नेताओं ने अपने ही अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ नामांकन पत्र भरके भाजपा के सामने गंभीर संकट की स्थिति पैदा कर दी है। इस बगावत से भाजपा कैसे निपटती है यह उसके लिए सबसे बड़ी चुनौती है।

राजधानी दून की धर्मपुर सीट से भाजपा ने पूर्व मेयर और विधायक विनोद चमोली को अपना अधिकृत प्रत्याशी बनाया है लेकिन इस सीट पर टिकट न मिलने से नाराज भाजपा नेता वीर सिंह पंवार निर्दलीय चुनाव मैदान में उतर चुके हैं। वहीं कैंट सीट जहां से भाजपा के स्वर्गीय पूर्व विधायक हरबंस कपूर की पत्नी सविता कपूर को प्रत्याशी बनाया गया, के खिलाफ भाजपा नेता व पूर्व दर्जाधारी दिनेश रावत उन्हें चुनौती देने के लिए तैयार है। रायपुर से भले ही भाजपा ने अपने सिटिंग विधायक उमेश शर्मा काऊ को टिकट दिया है लेकिन उनका भाजपा के एक गुट द्वारा जिस तरह से लंबे समय से विरोध किया जा रहा है उसके मद्देनजर भी भीतरघात की संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। डोईवाला सीट पर भाजपा ने अंतिम समय में भले ही प्रत्याशी बदलकर गैरोला को अपना उम्मीदवार बनाया हो लेकिन उनके लिए भी राह आसान नहीं है। यहां जितेंद्र नेगी, सुभाष भट्ट और सौरभ थपलियाल की बगावत उन पर भारी पड़ सकती है।

हरिद्वार की रानीपुर सीट पर भाजपा प्रत्याशी को अपना पार्टी के इशांत तेजीयान तथा पिरान कलियर की सीट पर जय भगवान सैनी की बगावत से निपटने की गंभीर चुनौती है। घनसाली सीट पर भी भाजपा प्रत्याशी को अपनी पार्टी के सोहनलाल और दर्शन लाल की बगावत का सामना करना पड़ रहा है। तथा धनोल्टी सीट जहां से भाजपा ने प्रीतम पंवार को अपना प्रत्याशी बनाया है उन्हें पूर्व विधायक महावीर रांगड़ की चुनौती से दो–चार होना पड़ रहा है। वही कोटद्वार सीट पर भाजपा के धीरेंद्र चौहान अपनी ही पार्टी के लिए मुसीबत बने हुए हैं। यमुनोत्री सीट पर भाजपा नेता जगबीर सिंह भंडारी ने भाजपा के खिलाफ बगावत का बिगुल फूंक दिया है। वहीं कोटद्वार सीट पर भाजपा के धीरेंद्र चौहान अपनी ही पार्टी के लिए मुसीबत बने हुए हैं। यमुनोत्री सीट पर भाजपा नेता जगबीर

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

## नामांकन पत्रों की जांच जारी, प्रत्याशियों की धड़कनें तेज



संवाददाता

देहरादून। राज्य की 70 विधानसभा सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए लगभग साढ़े सात सौ प्रत्याशियों ने अपने पर्चे दाखिल किए हैं। इन सभी नामांकन पत्रों की जांच की जा रही है। निर्वाचन आयोग द्वारा त्रुटिपूर्ण आवेदनों को खारिज कर आज देर रात तक यह स्पष्ट कर दिया जाएगा कि कितने नामांकन पत्र सही पाए गए और कितने गलत। उधर जांच का काम जारी है इधर सभी नामांकन कर्ताओं की धड़कने इस बात को लेकर धड़कने लगी है कि कहीं उनका नामांकन पत्र रद्द न कर दिया जाए।

जांच में जो भी नामांकन पत्र अब त्रुटिपूर्ण पाए जाएंगे वह प्रत्याशी चुनाव मैदान से बाहर हो जाएंगे। इस बार सबसे अधिक नामांकन पत्र दून से भरे गए हैं जिनकी संख्या 144 है वही चंपावत जिले में सबसे कम 15 नामांकन पत्र भरे गए हैं। दून की धर्मपुर सीट पर सर्वाधिक 20 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र भरे गए हैं। टिहरी जिले की 6 सीटों पर 44 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरे हैं। उत्तरकाशी की 3 सीटों पर 7 प्रत्याशियों द्वारा पर्चे भरे गए हैं।

उल्लेखनीय है इस बार बड़ी संख्या में जहां निर्दलीय प्रत्याशियों द्वारा नामांकन

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

## न्यूयॉर्क टाइम्स का दावा- 2017 में रक्षा सौदे के साथ हुई थी पेगासस की डील!


नई दिल्ली। भारत ने लोगों की जासूसी करने वाले विवादास्पद स्पाइवेयर टूल पेगासस को साल 2017 में इजरायल के साथ एक बड़े हथियारों के सौदे के तहत खरीदा था। द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी हालिया रिपोर्ट में यह खुलासा किया है। सैन्य क्षमता वाले इस सॉफ्टवेयर का निर्माण एनएसओ ग्रुप ने किया है और यह भारत और इजरायल के बीच करीब दो अरब डॉलर (करीब 12,880 करोड़ रुपये) के अत्याधुनिक हथियारों और खुफिया उपकरणों के पैकेज हिस्सा था। न्यूयॉर्क टाइम्स की हालिया रिपोर्ट इस बात को लेकर है कि किस तरह से एनएसओ के पेगासस स्पाइवेयर का इस्तेमाल करके इजरायल ने दुनियाभर में राजनयिक लाभ हासिल किए। हालांकि अखबार की रिपोर्ट में इस बात का कोई सबूत नहीं दिया गया है। अब कांग्रेस इस मुद्दे पर मोदी सरकार को घेर रही है। कांग्रेस सांसद शक्ति सिंह गोविल ने ट्वीट किया, नरेंद्र मोदी चुप हैं? न्यूयॉर्क टाइम्स ने खुलासा किया कि करदाताओं के 300 करोड़ का भुगतान इजरायली एनएसओ को किया गया। इसका मतलब है कि हमारी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट और संसद को गुमराह किया।




## भारत में पिछले 24 घंटों में 235532 नए कोविड मामले सामने आए, 335939 रिकवरी दर्ज़ की गई

नई दिल्ली। देश में कोरोना संक्रमण के मामलों में लगातार दूसरे दिन कमी दर्ज की गई है। भारत में पिछले २४ घंटों में २,३५,५३२ नए कोविड मामले सामने आए हैं, जो शुक्रवार के मुकाबले १५,६७७ कम हैं। वहीं, देश में पिछले २४ घंटों में ८७१ लोगों की मौतें हुईं, जबकि ३,३५,६३६ रिकवरी दर्ज़ की गई। साथ ही, इस दौरान पॉजिटिविटी रेट १३.३६ प्रतिशत दर्ज किया गया।

पिछले २४ घंटों में देश में कुल २०,०४,३३३ सक्रिय मामले रहे और कुल वैक्सीनेशन का आंकड़ा १,६५,०४,८७,२६० हो गया है। बता दें कि शुक्रवार को भारत में पिछले २४ घंटों में २,५१,२०६ नए कोविड–१६ केस सामने आए थे, जबकि ६२७ लोगों की मौत हुई थी। वहीं, इस दौरान ३,४७,४४३ रिकवरी दर्ज़ की गई थी। सक्रिय मामलों की बात करें तो वो २१,०५,६११ थे और १५.८८ फीसदी दैनिक पॉजिटिविटी रेट था।



महाराष्ट्र में कोरोना संक्रमण और उसके नए वैरिएंट ओमीक्रोन का कहर जारी है। शुक्रवार को चार महीने में कोरोनोवायरस के कारण सबसे अधिक एकदिवसीय मौतें हुई हैं। राज्य के स्वास्थ्य बुलेटिन के अनुसार, राज्य में बीते २४ घंटे में १०३ कोरोना के मरीजों ने दम तोड़ा है।

राज्य में एक दिन में इतनी रिकॉर्ड संख्या में मौतें पिछले साल १ सितंबर को दर्ज की गई थीं, जब १८३ लोगों की जान चली गई थी। एक दिन में मौतों का ये आंकड़ा भयभीत करने वाला है। इससे एक दिन पहले यानी गुरुवार को ४२ मौतें दर्ज हुई थीं। इसके साथ ही महाराष्ट्र में मरने वालों की संख्या १४२,४६१ हो गई है। महाराष्ट्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार को राज्यभर से कोरोना के २४,६४८ नए मामले सामने आए हैं। जो कि बीते दिन से थोड़े कम हैं।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# कुछ तो गुल खिलाएगी बगावत

उत्तराखंड विधानसभा की 70 सीटों के लिए होने वाले चुनाव में 755 उम्मीदवारों ने पर्चा भरा है। आज नामांकन पत्रों की जांच और 31 जनवरी तक नाम वापसी के बाद ही यह सुनिश्चित हो जाएगा कि कुल कितने प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। इस बार भी मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही होने जा रहा है लेकिन दो पहलू ऐसे भी हैं जो इस बार के चुनावी समीकरणों को गड़बड़ा सकते हैं। इस चुनाव में भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों में टिकट न मिलने से नाराज नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में पार्टी से बगावत कर निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर अपना नामांकन कराया है। अब अपने इन बागियों को मनाने के लिए सिर्फ इन राजनीतिक दलों के पास 3 दिन का समय है। कितने बागी नाम वापस लेने को तैयार होते हैं और कितने नहीं यह आने वाला समय ही बताएगा। नामांकन से पूर्व दल-बदल ने इस बगावत का और भी हवा देने का काम किया क्योंकि इन दलों ने अपने पुराने नेताओं की जगह पार्टी में आए नए लोगों को अधिक तवज्जोह दी। राज्य की 70 में से 2 दर्जन से अधिक सीटें ऐसी है वहां या तो बागी प्रत्याशी नामांकन करा चुके हैं या फिर जिन्होंने पर्चा नहीं भरा है लेकिन वह नाराज है। यानी साफ तो यह है कि वह अब भितरघात के जरिए अपनी पार्टी के प्रत्याशियों को हराने का काम करने वाले हैं। बात अगर दून की सीटों की ही करे तो यहां रायपुर, कैंट, धर्मपुर तथा राजपुर की सीटों पर बड़ी बगावत देखी जा रही है। धर्मपुर सीट पर भाजपा के बागी वीर सिंह अपना नामांकन करा चुके हैं वहीं कैंट में सविता कपूर के खिलाफ भाजपा के बागी दिनेश रावत ने पर्चा भर दिया है। रायपुर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी हीरा सिंह बिष्ट के खिलाफ सूरत सिंह नेगी भी निर्दलीय चुनाव लड़ने को मैदान में कूद पड़े हैं। वही राजपुर सीट पर कांग्रेस के बागी संजय कनौजिया ने भी अपना नामांकन कर दिया है। बात किसी एक सीट की नहीं है पूर्व सीएम हरीश रावत के खिलाफ भी संध्या डालाकोटी बगावत कर चुनाव में उतर गई है। रुद्रपुर में भाजपा विधायक ठुकराल तो कालाढूंगी से भाजपा के गजराज और धनोल्टी से महावीर सिंह रांगण ने अपनी पार्टी के विरुद्ध नामांकन कर बगावत का शंख फूंक दिया है। पहाड़ से लेकर मैदान तक 2 दर्जन से अधिक नेता टिकट न मिलने से आगबबूला है और उनका दावा है कि वह खुद चुनाव जीते या न जीते और चुनाव लड़े या न लड़े लेकिन अपने पार्टी के प्रत्याशी को भी जीतने नहीं देंगे। भले ही भाजपा व कांग्रेस के शीर्ष नेता इस बगावत से इंकार करें या रूठों को मनाने की बात करें लेकिन 2022 के चुनाव से पूर्व भाजपा और कांग्रेस दोनों की मुश्किलें इन बागियों ने बढ़ा दी है। यह बगावत और भितरघात क्या गुल खिलाती है? आने वाला समय ही बताएगा। वहीं दूसरी तरफ सूबे में पहली बार चुनाव लड़ रही आप तथा सपा-बसपा कम से कम वोट कटवा पार्टियों की भूमिका में है इन्हें चाहे कितना भी कम वोट मिले लेकिन यह भाजपा व कांग्रेस किसे अधिक प्रभावित करता है? यह भी अहम सवाल है। भाजपा व कांग्रेस किसी के लिए भी इस कारण यह चुनाव आसान रहने वाला नहीं है।

# स्वच्छता के संस्कार

अनुभूति

घर में साफ़-सफाई का ज्यादातर जिम्मा औरतें ही उठाए रहती हैं। उनके कंधे पर गृहस्थी के और भी कई दायित्व होते हैं। ऐसे में कई बार सफाई का काम हाशिये पर चला जाता है। भारतीय परिवार में ज्यादातर घरों में रोज की सफाई झाड़ू, कटका लगाकर ही होती है। त्योहारों के मौके पर कुछ विशेष सफाई प्रबंध होता है। देखा जाए तो घर की साफ-सफाई की ज़िम्मेदारी सिर्फ घर की औरतों की नहीं होती, घर में रहने वाले हर एक सदस्य की इसमें पूर्ण सहभागिता होती है। हमें चाहिए कि हम बच्चों को सिखाएं कि खिलौने खेलने के बाद उसे जहां से उठाया वहीं रख दें। बच्चों को उनका रूम सेट करना बताएं, उन्हें कपड़े तह कर रखने, बुक को एक सा जमाना, बेड ठीक करना सिखाएं। ये सब उनकी आदत में शामिल करें, जिससे वे धीरे-धीरे बिना आपके बोले ये काम करें। अच्छा काम करने के लिए उन्हें शाबाशी दें। घर के अन्य पुरुष सदस्यों को भी काम सौंपे, खासतौर पर छुट्टी वाले दिन। सफाई के काम को हम तीन भागों में बांट सकते हैं-रोजाना, हफ्ते में 1 बार और महीने में एक बार। यूं तो रोज के कपड़े रोज धोने की आदत डालें, लेकिन बड़े कपड़ों को इकट्ठा कर हफ्ते में एक बार धो सकते हैं। किचन के कपड़ों को रोज धोएं। बर्तन धुलने वाले स्थान, सिंक की रोज सफाई करें। इसी तरह चादर, कुशन, सोफे कवर, टॉवल को हफ्ते में एक बार जरूर धोएं। हफ्ते में एक बार किचन की अलमारियां साफ़ करें। ड्राइंग रूम की सफाई करें, पूरे घर के जाले निकालें। इसके अलावा किचन के अंदरूनी भागों की सफाई, जहां हम रोज नहीं पहुंच पाते, महीने में एक बार करें। पंखा, एसी को एक दिन साफ करें। अब सवाल है कि सफाई का समय क्या हो? यूं तो रोज की साफ़-सफाई तो सुबह ही की जाती है, लेकिन अगर किसी दिन अगर दूसरे कमरे, अलमारी, किचन, या कोई अन्य जगह साफ़ करनी है तो उसके लिए दिन का समय निकालें। साथ ही बता दें कि बाथरूम के फर्श व टाइल्स को साफ करने के लिए ब्लीचिंग पाउडर का इस्तेमाल करें। जिसके घर में खारा पानी आता है, उसके यहां नलों में सफेदी चढ़ जाती है, उसे मिटाने के लिए टूथपेस्ट का इस्तेमाल करें। इसके अलावा आप नमक का भी इस्तेमाल नल साफ करने में कर सकते हैं। यह भी ध्यान रखें कि घर में चूहे तो नहीं हैं। उनसे निजात पाने के भी उपाय अपनाएं। साफ-सफाई संस्कार है। इसे बच्चों में भी डालें।

# नए बजट में आर्थिक परिदृश्य की चुनौतियां

जयंतीलाल भंडारी

इन दिनों एक फरवरी, 2022 को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले वर्ष 2022-23 के बजट की ओर सभी की निगाहें लगी हुई हैं। उम्मीद की जा रही है कि इस नए बजट के माध्यम से वित्तमंत्री कोरोना और ओमीक्रोन की चुनौतियों के बीच आम आदमी और विभिन्न वर्गों को राहत देने के साथ-साथ ऐसा रणनीतिक बजट पेश करेंगी, जिससे विकास दर भी बेहतर होगी।

आगामी वर्ष 2022-23 के केंद्रीय बजट के माध्यम से वर्ष 2022 में अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों को गतिशील किए जाने के ऐसे प्रयासों की संभावनाएं हैं, जिनसे निर्यात और विदेशी निवेश में वृद्धि, बाजारों में उपभोक्ता मांग में तेजी, विनिर्माण और सर्विस क्षेत्र में बड़ा सुधार, कारोबार गतिविधियों में बेहतरी, बेहतर राजकोषीय नतीजे, जीएसटी संग्रह, बिजली खपत एवं माल ढुलाई में उछाल का परिदृश्य दिखाई दे सकेगा। आर्थिक विशेषज्ञों का मत है कि वर्ष 2022 में वस्तु एवं सेवाकर का प्रति माह औसत कलेक्शन 1.40 लाख करोड़ रुपए से अधिक का रहने की संभावना होगी। देश का विदेश व्यापार बढ़ने की नई संभावनाएं होंगी। वर्ष 2022 में भारत से किए जाने वाले निर्यात में तेजी का दौर होगा और वर्ष 2022 में 450 अरब डॉलर मूल्य का रिकॉर्ड निर्यात संभावित होगा। कोरोना काल में जिन 150 से अधिक देशों को भारत से कोरोना की दवाई, कोरोना वैक्सीन और खाद्य आपूर्ति की गई है उनमें से अधिकांश देशों के साथ वर्ष 2022 में भारत का विदेश व्यापार तेजी से बढ़ते हुए दिखाई दे सकेगा।

उम्मीद है कि नए बजट से विदेशी निवेश को ऐसे प्रोत्साहन देने का प्रयास किया जा सकता है, जिससे भारत में विदेशी निवेश अब तक के उच्च स्तर पर पहुंच जाए। पूरी दुनिया में भारत को निवेश अनुकूल देश के रूप में चिन्हित किया जा रहा है, ऐसे में नए बजट के बाद वर्ष 2022 में देश में एफडीआई रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचते हुए इक्विटी, पुनर्निवेश आय और पूंजी सहित कुल एफडीआई बढ़कर 100 अरब डॉलर से अधिक के स्तर पर पहुंचने की संभावना होगी। दिसंबर, 2022 के अंत में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर से अधिक की ऊंचाई पर पहुंच सकता है। वर्ष 2022 में घरेलू निवेशकों के दम पर भारत का शेयर बाजार तेजी से नई उड़ान भरेगा और दिसंबर 2022 तक सेंसेक्स 70 हजार की ऊंचाई छूते हुए दिखाई दे सकता है।

उम्मीद है कि वर्ष 2022-23 के बजट से कृषि एवं ग्रामीण विकास का नया अध्याय दिखाई दे सकेगा। वर्ष 2022 में कोरोना और ओमीक्रोन की चुनौतियों के बीच भी देश की अर्थव्यवस्था में कृषि का वैसा ही मजबूत आधार बना रहेगा, जिस तरह वह कोरोना के घातक संक्रमण के बीच वर्ष 2020 और 2021 में दिखाई दिया है। अब वर्ष 2022 में कृषि एक बार फिर अपनी प्रासंगिकता सिद्ध करते हुए दिखाई दे सकेगी। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुताबिक, नए वर्ष में कृषक उत्पादन संगठनों (एफपीओ) और प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन के साथ-साथ किसानों की आमदनी बढ़ाने का अभियान आगे बढ़ेगा। कृषि क्षेत्र के लिए दिए गए भारी प्रोत्साहनों के कारण वर्ष 2022 में ग्रामीण मांग को बढ़ावा मिलेगा और विनिर्माण में सुधार होगा। वर्ष 2022 के दौरान देश से करीब 50 अरब डॉलर मूल्य के कृषि एवं संबद्ध उत्पादों का रिकॉर्ड निर्यात होते हुए दिखाई दे सकता है।

इन विभिन्न आर्थिक संभावनाओं को साकार करने के लिए वर्ष 2022 में कई आर्थिक चुनौतियों का भी सतर्कता के साथ मुकाबला करना होगा। वर्ष 2022-23 के बजट के जरिये देश भर में कोरोना वायरस और ओमीक्रोन से बचाव के लिए टीकाकरण और कोविड टीके के बूस्टर डोज अभियान को तेजी व सुनियोजित रूप से संचालित किए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। सरकार और जनता दोनों को प्रयास करना होगा कि वर्ष 2022 में किसी भी प्रकार के लॉकडाउन की स्थिति निर्मित नहीं हो।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि वर्ष 2022 की आर्थिक तस्वीर को बेहतर बनाने के लिए वर्ष 2022-23 के नए बजट के माध्यम से श्रम, भूमि, कारोबार, विदेशी निवेश, कौशल, बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्रों में घोषित किए गए सुधारों के लिए कार्यान्वयन की डगर पर तेजी से आगे बढ़ना होगा। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) को पटरी पर लाकर रोजगार बढ़ाने के अधिकतम प्रयास किए जाने होंगे। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की मुश्किलों का समाधान किया जाना होगा। नए बजट के माध्यम से जहां पूंजी बाजार को प्रोत्साहन दिए जाने होंगे, वहीं छोटे करदाताओं की बचत व क्रयशक्ति को बढ़ाना होगा।

नए बजट के माध्यम से डिजिटलीकरण के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाया जाना होगा। इससे डिजिटल अर्थव्यवस्था आगे बढ़ेगी। देश में नया सहकारिता मंत्रालय बनाए जाने के बाद अब सहकारिता क्षेत्र के भाग्य खोलने के लिए राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा निर्धारित 35,000 से अधिक प्राथमिक सहकारी समितियों को तेजी से 'वन स्टॉप शॉप' के रूप में विकसित किया जाना होगा। खाद्य तेलों के मूल्यों को नियंत्रित करने के लिए रणनीतिक प्रयास किए जाने होंगे। 11,000 करोड़ रुपए निवेश वाले राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन पाम ऑयल (एनएमईओ-ओपी) अभियान को पाम ऑयल के साथ खाद्य तेल के क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता को बढ़ाने और आयात को कम करने के उद्देश्य से तेजी से क्रियान्वित किया जाना होगा।

जिस तरह पिछले दो वर्षों में कोरोना संक्रमण के कारण ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की दर बढ़ी है, उसे घटाने की रणनीतिक पहल भी नए बजट के माध्यम से की जानी होगी। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मनरेगा पर अधिक आवंटन किया जाना व ग्रामीण उद्योगों को विशेष प्रोत्साहन दिया जाना होगा। नए बजट के माध्यम से नई नौकरियों के सृजन, वेतनभोगी वर्ग पर कर का बोझ कम करने और मध्यम वर्ग को राहत के साथ-साथ स्वास्थ्य व शिक्षा पर अधिक खर्च सुनिश्चित किया जाना होगा। नए बजट से सरकार को महंगाई रोकने के लिए हरसंभव रणनीतिक प्रयास करने होंगे। साथ ही थोक मुद्रास्फीति की बढ़ती हुई दर को नियंत्रित किया जाना होगा।

हम उम्मीद करें कि वर्ष 2022-23 के आगामी बजट के प्रावधानों से लाभान्वित होकर देश की अर्थव्यवस्था विभिन्न आर्थिक चुनौतियों का सफलतापूर्वक मुकाबला करते हुए विभिन्न वैश्विक आर्थिक और वित्तीय एजेंसियों के अनुमानों के मुताबिक आगे बढ़ते हुए दिखाई देगी। विश्व बैंक के मुताबिक, कोरोना की चुनौतियों के बावजूद वर्ष 2022-23 में भारत की अर्थव्यवस्था में 6.5 प्रतिशत की दर से वृद्धि हो सकती है। विश्व प्रसिद्ध क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2022-23 में 7.9 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2022-23 में भारत की विकास दर करीब 8.5 फीसदी रह सकती है। विभिन्न रिपोर्टों का यह भी कहना है कि वर्ष 2022-23 में भारत दुनिया में सबसे अधिक विकास दर वाले देश के रूप में उभरकर दिखाई दे सकता है। उम्मीद करें कि वैश्विक आर्थिक और वित्तीय संगठनों की ये संभावनाएं आगामी वित्त वर्ष 2022-23 के नए बजट प्रावधानों से साकार होती हुई दिखाई देंगी।

लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं।

अग्ने युक्ष्वा हि ये तवाश्वासो देव साधवः।
अरं वहन्ति मन्यवे।।

(ऋग्वेद ६-१६-४३)

हे ज्ञान के प्रकाशक स्वामी ! आप ज्ञान की उन प्रेरक शक्तियों को हमारे शरीर रूपी रथ में जोड़ें जो सबसे उत्तम है, जो हमें पवित्र कर्मों की ओर ले जाएं।

O Lord of Divine Wisdom ! You yoke the best driving forces of knowledge to the chariot of our body, which can lead us towards pious deeds. (Rig Veda 6-16-43)

## लोहाघाट अस्पताल में तीन डॉक्टर और स्टाफ संक्रमित

चम्पावत (आरएनएस)। उपजिला चिकित्सालय लोहाघाट में कार्यरत तीन डॉक्टर के अलावा तीन स्टाफ के कर्मचारी कोरोना पॉजिटिव आए हैं। इससे पहले भी एक डाक्टर और चार स्टाफ के कर्मी पॉजिटिव आए थे। अब कुल डॉक्टर सहित ११ कर्मचारी कोरोना पॉजिटिव हो चुके हैं।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जुनैद कमर ने बताया कि नियमित रूप से कोरोना जांच के बाद तीन डॉक्टर और तीन अन्य स्टाफ कर्मी पॉजिटिव आए हैं। डॉ. जुनैद ने बताया कि इससे पहले भी एक डॉक्टर सहित पांच स्टाफ के कर्मी पॉजिटिव आए हैं। डॉ. जुनैद ने बताया कि इन सभी स्वास्थ्य कर्मियों को होम आइसोलेशन में भेज दिया गया है। इसके अलावा कांटेक्ट ट्रेसिंग की जा रही है। अस्पताल को रोजाना सेनेटाइज किया जा रहा है।

# डीआईटी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में प्रदान की गयी 1488 उपाधियां

संवाददाता

देहरादून। डीआईटी विश्वविद्यालय, देहरादून ने शैक्षणिक वर्ष 2021 में उत्तीर्ण होने वाले शैक्षणिक वर्ष के सफल छात्रों को डिग्री प्रदान करने के लिए आज अपना 5 वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। कोविड प्रतिबंधों के कारण दीक्षांत समारोह का आयोजन हाइब्रिड मोड में किया गया था। इस दौरान समारोह में विश्वविद्यालय के गणमान्य व्यक्ति, पीएचडी डिग्री प्राप्त कर्ता और पदक विजेता टॉपर्स अपने माता-पिता के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर डॉ. सुरेंद्र पाल, पूर्व कुलपति-डीआईएटी पुणे, वरिष्ठ सलाहकार उपग्रह नेविगेशन (इसरो), प्रोफेसर सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र एवं अध्यक्ष और प्रतिष्ठित वैज्ञानिक, इसरो मुख्य अतिथि रहे। समारोह की शुरुआत अकादमिक सभागार में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई, जिसके बाद कुलगीत गाया गया। कुलपति, प्रो. जी. रघुरामा ने स्वागत भाषण और डीआईटीयू की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और सभी पुरस्कार विजेताओं, स्नातक छात्रों, उनके माता-पिता और विश्वविद्यालय को अकादमिक उपलब्धियों के लिए बधाई दी। दीक्षांत समारोह स्मारिका का विमोचन डीआईटीयू के सभी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया।

# गंगोलीहाट में कांग्रेस के खजान और आप की बबीता ने किया नामांकन

संवाददाता

बेरीनाग। गंगोलीहाट में कांग्रेस प्रत्याशी खजान चंद गुड्डू ने अपना नामांकन सहायक निर्वाचन अधिकारी गंगोलीहाट सुंदर सिंह को सौपा। नामांकन करने के बाद कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने खजान गुड्डू का फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया इस मौके पर खजान गुड्डू ने कहा भाजपा की डबल इंजन की सरकार जनता परेशान हो चुकी है कांग्रेस की सरकार प्रदेश में बनने जा रही है जनता कांग्रेस के पक्ष में है वही आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी बबीता चंद ने अपना नामांकन किया ।सहायक निर्वाचन अधिकारी सुंदर सिंह को नामांकन पत्र सौपा।इस मौके पर बबीता चंद ने कहा की पिछले २० वर्षों में भाजपा और कांग्रेस के द्वारा जनता को ठगने का कार्य किया है अब जनता इनकी ठगी में नही आने वाली है। प्रदेश में आप की सरकार बनने जा रही है।

# डायट चड़ीगांव में 18 शिक्षक-कर्मचारी पॉजिटिव

श्रीनगर गढ़वाल (आरएनएस)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान(डायट) चड़ीगांव में शुक्रवार को १८ शिक्षक–कर्मचारी व प्रशिक्षणार्थियों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। संक्रमण से बचने के लिए शुक्रवार को संस्थान को बंद कर सेनेटाइज किया गया। कोरोना पॉजिटिव आए कर्मियों को होम आइसोलेशन में रखा गया है। शुक्रवार को श्रीनगर क्षेत्र में कुल ७३ लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। जिसमें से अधिकांश श्रीकोट, श्रीनगर व डांग में रहने वाले लोग शामिल हैं। जबकि इसमें १८ लोग डायट चड़ीगांव में कार्यरत शिक्षक व कर्मचारी शामिल हैं। डायट के प्रभारी प्राचार्य डा. अरविंद ने बताया कि १८ लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आते ही संस्थान को पूरी तरह से सेनेटाइज कर दिया गया है। जिन लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। नेगेटिव रिपोर्ट आने के बाद ही वह संस्थान में आएंगे।

# शांतिभंग की आशंका में 80 पाबंद

नैनीताल (आरएनएस)। नैनीताल विधानसभा चुनाव को लेकर सुरक्षा के लिहाज से पुलिस की ओर से कार्रवाई की जा रही है। आगामी चुनाव में शांति भंग को लेकर पुलिस ने ८० लोगों पर शांतिभंग का अंदेशा जताया है। इस संबंध में पुलिस प्रशासन की ओर से न्यायालय को रिपोर्ट प्रेषित की गई थी। कोर्ट ने परगना मजिस्ट्रेट नैनीताल को निर्देशित किया है कि संबंधित लोगों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण लिया जाए। इस संबंध में सभी को एक फरवरी को व्यक्तिगत रूप से पेश होकर अपना पक्ष रखने को कहा गया है। कोतवाल प्रीतम सिंह ने बताया कि चिह्नित सभी लोगों को नोटिस जारी कर १०७/१६ की कार्रवाई की गई है।

# व्यय प्रेक्षक ने निर्वाचन व्यवस्थाओं का जायजा लिया

उत्तरकाशी (आरएनएस)। निवार्चन आयोग ने विश्वास एस मुण्डे को जनपद की तीनों विधानसभा क्षेत्रों के व्यय प्रेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी है। मुण्डे ने निर्वाचन व्यवस्थाओं के बाबत उत्तरकाशी स्थित कलक्ट्रेट परिसर में स्थापित एमसीएमसी, निर्वाचन कन्ट्रोल रूम, कोविड सेंटर आदि का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी तीर्थपाल सिंह ने व्यय प्रेक्षक मुण्डे को बताया कि एमसीएमसी में इलैक्ट्रोनिक एवं सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाले विज्ञापनों का प्री–सर्टीफिकेशन किया जा रहा है। साथ ही टीवी चौनलों और समाचार पत्रों का अवलोकन कर पेड न्यूज की निगरानी की जा रही है। निर्वाचन कन्ट्रोल रूम में स्थापित नम्बरों पर मतदाताओं की निर्वाचन सम्बन्धी जो शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, उनका त्वरित समाधान किया जा रहा है। कन्ट्रोल रूम से मंदिरा की दुकानों की भी लगातार निगरानी की जा रही है। मौके पर जिला आबकारी अधिकारी दुर्गेश्वर कुमार त्रिपाठी, वरिष्ठ कोषाधिकारी बालक राम आदि भी थे।

# डीडीहाट में होगी ऐतिहासिक जीतः चुफाल



संवाददाता

डीडीहाट (बेरीनाग)। डीडीहाट विधानसभा से कैबिनेट मंत्री बिशन भाजपा प्रत्याशी बिशन सिंह चुफाल ने डीडीहाट रिटर्निंग ऑफिसर अनुराग आर्या को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

नामांकन पत्र दाखिल करने बाद भाजपा कार्यकर्ताओं बिशन सिंह चुफाल फूल–मालाओं के जोरदार स्वागत किया। इस मौके भाजपा कार्यकाल में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोहरा ने कहा कि पूरे जिले भाजपा की चारों सीटें जीत रही है भाजपा के सरकार आमजन खुश है डीडीहाट विधानसभा प्रभारी राजेंद्र रावत ने कहा ग्रामीणों से क्षेत्रों में भाजपा की लहर चल रही है प्रदेश में भाजपा की सरकार बन रही है कैबिनेट मंत्री बिशन सिंह चुफाल ने कहा डीडीहाट में भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी जोश देखने को मिल रहा है डीडीहाट के गांव गांव का विकास कार्य किया गया। डीडीहाट में इस बार ऐतिहासिक जीत दर्ज की जा रही है। जनता का सहयोग मिल रहा है। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं से गांव गांव जाकर प्रचार करने की अपील की। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख बबीता चुफाल, नगरपालिका अध्यक्ष कमला चुफाल, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोहरा, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष मनोज सामंत,पूर्व ब्लाक प्रमुख हरेंद्र चुफाल, जिला महामंत्री महिमन कन्याल, भगवान देऊपा, बलवंत सिंह बोरा, मान सिंह,हीरा सिंह कार्की, हरीश कोरंगा थे, देवीदत्त जोशी, लोकेश भड़, नगर , संजय चुफाल, रमेश बम, नरेंद्र देऊपा, दीपक कार्की उपस्थित रहे।

# बाराकोट में सड़क की बदहाली पर रोड जाम, ईई का किया घेराव

काशीपुर (आरएनएस)। विकास खंड बाराकोट के गल्लागांव में शुक्रवार की सुबह पीआरडी जवान की बाईक रपटने पर ग्रामीणों ने सड़क की बदहाली पर गहरा आक्रोश जताकर सड़क जाम की। सड़क जाम की सूचना पर प्रशासन में हड़कंप मच गया। गुस्साए ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचे लोनिवि के ईई और एई का घेराव कर दिया। ईई के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने सड़क से जाम हटाया। शुक्रवार सुबह पीआरडी जवान खीम जोशी नौमाना से लोहाघाट ड्यूटी पर आ रहे थे। आपदा के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़क पर उनकी बाईक रपट गई। जिससे पीआरडी जवान के पैर पर गंभीर चौटें आई। घायल का प्राथमिक उपचार आंगनबाड़ी कार्यकत्री मीना बोहरा और अन्य ग्रामीणों ने किया। सड़क की बदहाली पर ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दी। जिससे प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन–फानन में लोनिवि के ईई बीसी भंडारी और एई राजेन्द्र गिरी मौके पर पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने उनका घेराव कर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि बीते अक्टूबर माह में आई आपदा के कारण बदहाल रोड और खराब हो गई है। जबकि डीएम ने डामरीकरण के आदेश दिए थे। लेकर लोनिवि ने मिट्टी डालकर खानापूरी की। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। कई वाहनों के चेंबर टूट गए हैं। ग्रामीणों ने जल्द रोड सही न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। ईई भंडारी ने कहा कि अभी वैकल्पिक व्यपस्था के तौर पर सड़क पर रोड़ा भर रहे हैं।

# प्रेक्षकों ने टिहरी की चुनावी व्यवस्थाओं को जांचा

नई टिहरी (आरएनएस)। विधान सभा सामान्य निर्वाचन को लेकर निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक सामान्य लक्ष्मी नारायण मंत्री, नवजोत पाल सिंह रंधावा तथा प्रेक्षक पुलिस व्यवस्था दिवाकर शर्मा ने जिला निर्वाचन अधिकारी इवा श्रीवास्तव व चुनाव से सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर विधान सभा निर्वाचन २०२२ को लेकर की गई तैयारियों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बैठक में प्रेक्षक लक्ष्मी नारायण मंत्री ने विधान सभा क्षेत्र घनसाली, देवप्रयाग एवं प्रताप नगर के लिए बनाये गये नामांकन कक्षों, कन्ट्रोल रूम तथा मीडिया प्रमाणन एवं अनुश्रवण समिति कक्ष का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। प्रेक्षक नवजोत पाल सिंह रंधावा ने विधान सभा क्षेत्र नरेन्द्रनगर, टिहरी एवं धनोल्टी के लिए बनाये गये नामांकन कक्षों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये। बैठक में प्रेक्षकों ने सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता के तहत मतदाता जागरूकता एवं मतदान प्रतिशत को बढ़ाने को की गई गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग ने स्वीप गतिविधि, दिव्यांग बूथ, सखी बूथ या आदर्श बूथ को आर्कषक बनाने का मकसद मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करना तथा मतदान प्रतिशत को बढ़ाना है। जिला निर्वाचन निर्वाचन अधिकारी इवा श्रीवास्तव ने जनपद में विधान सभा निर्वाचन २०२२ को लेकर की गई तैयारियों की जानकारी दी गई। उनके द्वारा भौगोलिक परिस्थितियों, पलायन, दूरस्थ मतदेय स्थल, जमा शस्त्र आदि के संबंध में भी जानकारी दी गई।

# गुलदार के हमले से बड़ी बेरनी गांव में महिला मौत

नई टिहरी (आरएनएस)। गजा तहसील के बड़ी बेरनी गांव में एक वृद्ध महिला पर गुलदार ने शुक्रवार सुबह हमला कर उसे मार डाला। ग्राम प्रधान ने घटना की सूचना वन विभाग को दी। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने के साथ गुलदार को पकड़े की मांग की है। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े छह बजे पट्टी कुंजणी के बड़ी बेरनी गांव निवासी देवकी देवी (७४) पत्नी स्व. लाल सिंह शौच करने के लिये कमरे से बाहर आई, तभी आंगन में छुपे गुलदार ने देवकी देवी पर हमला कर दिया। गुलदार वृद्ध को आंगन से घसीटते हुये पास के खेत में ले गया। महिला के चिल्लाने की आवाज सुनकर पास में रह रहे नेपाली मजदूरों ने भी शोर मचाया,जिससे गुलदार वृद्ध को खेत में छोड़ भाग गया। शोर–शराबा सुनकर ग्रामीणों भी मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक महिला की मौत हो गई थी। ग्राम प्रधान आशा नेगी ने बताया कि महिला घर में अकेली रहती थी, महिला के दो बेटे हैं, जो दिल्ली में नौकरी करते हैं। महिला के बेटों को घटना की सूचना दे दी गई है। गुलदार के हमले से महिला के गले और सिर गहरे घाव के निशान बने हैं। बताया घटना की सूचना तत्काल रेंज अधिकारी विवेक जोशी को दी गई, जो टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

# रानीखेत से कांग्रेस प्रत्याशी करन माहरा, सल्ट के रणजीत रावत ने भरा पर्चा

अल्मोड़ा (आरएनएस)। तहसील मुख्यालय में विधानसभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया के आखिरी दिन शुक्रवार को रानीखेत से कांग्रेस प्रत्याशी कांग्रेस विधान मंडल दल के उपनेता व निवर्तमान विधायक करन माहरा तथा सल्ट से कांग्रेस प्रत्याशी व पार्टी के वरिष्ठ नेता रणजीत सिंह रावत ने अपने–अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। दोनों प्रत्याशी तय मुहूर्त में परगना न्यायालय पहुंचे और निर्वाचन अधिकारियों के समक्ष नाम निर्देश पत्र दाखिल किए। रानीखेत सीट से आप के उम्मीदवार नंदन सिंह ने भी पर्चा दाखिल किया।

रानीखेत से कांग्रेस प्रत्याशी और निवर्तमान विधायक करन माहरा शुक्रवार को मुहूर्त के अनुरूप ककरी साढ़े ११ बजे नामांकन कराने पहुंचे और रिटर्निंग ऑफिसर जय किशन के समक्ष नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। जबकि सल्ट से कांग्रेस उम्मीदवार, वरिष्ठ नेता रणजीत रावत दो बजे बाद नामांकन कराने पहुंचे।

उन्होंने निर्वाचन अधिकारी शिप्रा पांडे के समक्ष पर्चा दाखिल किया। नामांकन कराने के बाद सीमित संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने करन माहरा और रणजीत रावत का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। दोनों के नामांकन के दौरान प्रस्तावकों सहित कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेश आर्या, ब्लॉक प्रमुख हीरा रावत, पूर्व प्रमुख रचना रावत, एडवोकेट हिमांशु बिष्ट, उमेश भट्ट, अजय बबली, पुष्कर त्रिपाठी सहित आम आदमी पार्टी के शेखर चंद्र, अतुल जोशी सहित तामम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मैं प्रियंका की जिंदगी के नए चैप्टर को लेकर काफी खुश हूं: मीरा चोपड़ा

देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा बीते दिनों माँ बनी हैं और वह जबसे मां बनी हैं तब से उन्हें बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ। आपको बता दें कि नन्हे मेहमान के आगमन से निक और प्रियंका के परिवारवाले काफी खुश हैं। मिली जानकारी के तहत प्रियंका के घर बेटी हुई है। वैसे अदाकारा की मां बनने की खबर पर उनकी कजिन मीरा चोपड़ा ने भी हाल ही में प्रतिक्रिया दी है। मीरा ने कहा कि प्रियंका हमेशा से बच्चे चाहती थीं। उन्होंने बातचीत में कहा- प्रियंका हमेशा से बहुत सारे बच्चे चाहती थी। मैं प्रियंका की जिंदगी के नए चैप्टर को लेकर काफी खुश हूं। वो अपनी बेटी की सुपर मॉम बनने वाली हैं। प्रियंका ने अपनी जिंदगी के हर हिस्से में बेहतरीन किया है। मां बनना उनके पावरफुल व्यक्तित्व का एक्सटेंशन है। हम सभी को प्रियंका पर काफी गर्व है। आपको बता दें कि प्रियंका के बच्चे के जेंडर पर काफी समय से सस्पेंस बना हुआ था लेकिन इसे उनकी कजिन मीरा चोपड़ा ने खत्म कर दिया है। जी दरअसल अपने बयान में मीरा ने कहा कि प्रियंका चोपड़ा की बेटी हुई है। ऐसा होने से यह तो साफ है एक्ट्रेस के घर नन्ही परी ने जन्म लिया है। जो यकीनन ही अपनी मां की तरह बेहद खूबसूरत होगी। सामने आने वाली खबरों की मानें तो प्रियंका चोपड़ा की बेटी ने 15 जनवरी को जन्म लिया है। जी हाँ और यह प्री-मैच्योर बेबी है जो डिलीवरी डेट से 12 हफ्ते पहले दुनिया में आई है। अब इस समय प्रियंका की बेटी अस्पताल में डॉक्टर्स की निगरानी में है। आपको बता दें कि अभी प्रियंका चोपड़ा को घर पर अपनी बेटी के स्वागत का इंतजार करना होगा क्योंकि हेल्दी नहीं होने तक प्रियंका अपनी बेटी को घर लेकर नहीं जा सकती हैं।

# शाहिद के साथ पाठशाला में नज़र आ चुकी है श्रद्धा आर्या

टेलीविज़न अभिनेत्री श्रद्धा आर्या इन दिनों हर जगह चर्चाओं का विषय बनी हुई है. वह सुर्खियों का भाग बनी हुई हैं. श्रद्धा हाल ही में शादी के बंधन में बंधी हैं और अपने विवाह की फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं. श्रद्धा ने कई टेलीविज़न सीरियल्स में काम करती हुई नज़र आती है मगर उन्हें असली पहचान शो कुंडली भाग्य से मिली है. इस शो में उनके किरदार प्रीता को बहुत प्यार पाया है. वह इस किरदार के कारण से घर-घर में पहचानी जाती हैं. पर क्या आपको पता है श्रद्धा टीवी की दुनिया में कदम रखने से पहले फिल्मों में अपनी किस्मत आजमा चुकी हैं. जी हां श्रद्धा ने फिल्मों में काम किया है. वह शाहिद कपूर ), अमिताभ बच्चन के साथ काम कर चुकी हैं. श्रद्धा ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत तमिल मूवी कालवनी कढ़ली से की थी. जिसके उपरांत उन्होंने कई तमिल और तेलुगु मूवीज में काम किया है. इसके बाद उन्होंने बॉलीवुड मूवी में कदम रखा था. श्रद्धा ने अमिताभ बच्चन के साथ निशब्द में भी कार्य कर चुकी है. इस फिल्म में उन्होंने ऋतु का किरदार निभाया था. अमिताभ बच्चन के अतिरिक्त श्रद्धा ने शाहिद कपूर के साथ काम किया है. रिपोर्ट्स के अनुसार श्रद्धा आर्या शाहिद कपूर के साथ भी मूवीज में कार्य कर चुकी है. श्रद्धा ने अपनी दूसरी ही मूवी में शाहिद के साथ काम किया था. इस मूवी का नाम पाठशाला था. इस मूवी में उन्होंने नताशा सिंह का किरदार अदा किया था. पाठशाला में शाहिद कपूर, आयशा टाकिया लीड रोल में दिखाई दी थी.

# राजकुमार और भूमि की फिल्म 'बधाई दो' का पोस्टर हुआ रिलीज़

राजकुमार राव और भूमि पेडनेकर की मूवी 'बधाई दो' का पोस्टर शेयर कर दी है. इस पोस्टर के साथ ये भी कहा गया है कि ये फिल्म सिनेमाघरों में ही रिलीज होने वाली है. इस मूवी के पोस्टर में राजकुमार राव एक पुलिस ऑफिसर की भूमिका में दिखाई देने वाले हैं जो सर पर दूल्हे का सेहरा पहने हुए है और भूमि पेडनेकर उनकी पत्नी के किरदार में नज़र आने वाली है. इस फिल्म के ट्रेलर के रिलीज डेट का भी एलान कर दिया गया है. इसका ट्रेलर कल रिलीज किया जाने वाला है. इस मूवी के दोनों स्टार्स ने अपने-अपने सोशल मीडिया अकाउंट से इस मूवी का फर्स्ट लुक पोस्टर बड़े ही मजेदार कैप्शन के साथ साझा किया है. राजकुमार राव में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से 'बधाई' दो का पोस्टर साझा करके सूचना दी है कि इस फिल्म का ट्रेलर कल दर्शकों के मध्य आने वाला है और ये मूवी ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर नहीं बल्कि सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है. इस पोस्टर में दोनों कलाकार एक दूसरे का मुंह बंद कराते नज़र आ रहे है. ये 2०18 में आई आयुष्मान खुराना और सान्या मल्होत्रा की बधाई हो की सीक्वल बताई जा रही है. उसमें इन दोनों के साथ साथ गजराज राव और नीना गुप्ता की सुपरहिट जोड़ी भी देखने को मिली थी. उस मूल्य को अमित शर्मा ने डायरेक्ट किया था. ये उस वर्ष की सबसे बड़ी हिट मूवी में से एक थी. इसे दर्शकों का खूब प्यार दिया गया था.(आरएनएस)


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# अगर नाक पर पड़ चुके हैं चश्मे के दाग तो इन घरेलू उपायों से हटाए



आजकल हर दूसरे व्यक्ति को चश्मा लगा है। इस लिस्ट में कुछ लोग शौक के लिए लगाते हैं तो कुछ लोग मजबूरी में। हालाँकि देखा जाता हैं कि अधिक चश्मे के इस्तेमाल से नाक पर निशान पड़ जाते हैं जो आपके लुक को खराब करने का काम करते हैं। ऐसे में अगर आप अपने उस निशान को मिटाना चाहते हैं तो घरेलू उपाय आजमा सकते हैं। आज हम आपको उन्ही उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं।

आलू- नींबू के जैसे आलू में भी ब्लीचिंग के गुण पाए जाते है जो स्किन की रंगत निखारने के साथ-साथ दाग धब्बों से भी छुटकारा दिलाता है। इसके प्रयोग के लिए आलू का टुकड़ा लें और इसे अपनी नाक के उस हिस्से पर रगड़ें जहां चश्मे के निशान है। वहीं कुछ मिनट तक रगड़ने के बाद थोड़ा इंतजार करें और कम से कम 1० मिनट तक इंतजार करने के बाद पानी से चेहरा धो लें। हर दिन ऐसा करें।

बादाम का तेल- इस तेल में विटामिन इ की अच्छी मात्रा पाई जाती है जो स्किन पर मौजूद किसी भी तरह के निशानों को दूर करने की क्षमता रखता है। ऐसे में अगर आपके नाक पर भी चश्मा पहनने के कारण निशान पड़ गए है तो रात को सोने से पहले रोजाना अपनी नाक के दाग वाले हिस्से पर बादाम तेल से मालिश करें।

गुलाबजल- ग्लोइंग और खूबसूरत त्वचा के लिए गुलाबजल बेहतरीन है लेकिन इसकी मदद से आप अपनी नाक पर पड़े चश्मे के दागों को भी हमेशा के लिए हटा सकते हैं। जी हाँ और इसके लिए रात को सोने से पहले रुई से अपनी नाक पर गुलाबजल लगाएं और हर दिन यह उपाय करें।

नींबू- नींबू में विटामिन सी और ब्लीचिंग के गुण पाए जाते है। यह ना केवल काले घेरों को दूर करने में मदद करते है बल्कि स्किन की रंगत को भी निखारते है। हालाँकि अगर आपकी नाक के उस हिस्से पर किसी तरह के कटने या जलने का घाव है तो प्रयोग नहीं कर सकते। अब अगर प्रयोग की विधि के बारे में बात करें तो इसके लिए 1 चम्मच ताजे नींबू के रस में 1 चम्मच पानी मिलाकर रुई से दागों पर लगाएं। करीब 15 मिनट तक रखें और उसके बाद फेस साफ़ कर लें। (आरएनएस)

# मुंहासों से छुटकारा दिला सकते हैं ये ग्रीन टी फेस पैक!

अगर आप मुंहासों की समस्या से परेशान हैं तो इनसे छुटकारा दिलाने में ग्रीन टी आपकी काफी मदद कर सकती है।

इसका मुख्य कारण यह है कि ग्रीन टी एंटी-माइक्रोबियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट गुण मौजूद होते हैं, जो त्वचा से निकलने वाले सीबम यानी तैलीय प्रभाव के उत्पादन को नियंत्रित करता है। बता दें कि अत्याधिक सीबम का उत्पादन ही मुंहासों की वजह बनता है। आइए आज ग्रीन टी से कुछ फेस पैक बनाने और लगाने के तरीके जानते हैं।

ग्रीन टी और शहद का फेस पैक

सामग्री- दो चम्मच शहद और एक चम्मच ग्रीन टी वाली चायपत्ती। फेस पैक बनाने और लगाने का तरीका- सबसे पहले ग्रीन टी वाली चायपत्ती को मिक्सी में अच्छे से पीसकर उसका पाउडर बना दें फिर इसे एक कटोरी में शुद्ध शहद के साथ मिलाएं। अब इसे फेस पैक को अपने पूरे चेहरे पर लगाएं और जब यह पूरी तरह से सूख जाए तो अपने मुंह को ठंडे पानी से धोकर साफ कर लें।

जैतून के तेल और ग्रीन टी का फेस पैक

सामग्री- एक ग्रीन टी बैग, एक चम्मच शहद और एक छोटी चम्मच जैतून का तेल। फेस पैक बनाने और लगाने का तरीका- सबसे पहले एक कटोरी में शहद और जैतून के तेल को मिलाकर गुनगुना करें, फिर इसमें ग्रीन टी बैग को काटकर मिलाएं और गैस बंद कर दें। इसके बाद जब मिश्रण ठंडा हो जाए तो इसे अपने चेहरे पर हल्के हाथों से मसाज करते हुए लगाएं और कुछ मिनट के बाद चेहरे को ठंडे पानी से धो लें।

ग्रीन टी और दालचीनी का फेस पैक

सामग्री- दो चम्मच ग्रीन टी का पाउडर और आधी चम्मच दालचीनी का पाउडर। फेस पैक बनाने और लगाने का तरीका- सबसे पहले एक कटोरी में इन दोनों सामग्रियों को अच्छे से मिला लें, फिर इस मिश्रण को अपने पूरे चेहरे पर अच्छे से लगाकर 15 से 2० मिनट के लिए छोड़ दें। अंत में चेहरे को ठंडे पानी से धोकर तौलिये से पोंछे, फिर चेहरे पर जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर लगाएं।

आप चाहें मुंहासों के लिए किसी भी ग्रीन टी फेस पैक इस्तेमाल करें, लेकिन उससे पहले पैच टेस्ट जरूर करें। इसके लिए थोड़ा फेस पैक कोहनी के पीछे लगाकर कुछ मिनट रूकें और अगर कुछ भी न हो तो इसे अपने चेहरे पर लगाएं।

## शब्द सामर्थ्य -105

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज़, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | ■ | ■ |
| 5 | | | | ■ | 6 | | 7 | 8 |
| ■ | | ■ | 9 | | | ■ | 10 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 11 | 12 | | |
| 13 | | | | ■ | 14 | | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | 15 | | 16 |
| | ■ | 17 | | 18 | | | ■ | |
| 19 | | | ■ | | ■ | ■ | 20 | |
| ■ | ■ | 21 | | | | | ■ | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 104 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | ■ | ■ | सि | स | की | ■ | ■ |
| जि | ■ | ल | प | ट | ■ | मा | चि | स |
| ब | द | ला | ■ | क | ■ | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | ट | ■ | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | ■ | का | ■ | की | ■ | ■ | हू |
| क | ■ | स | रो | का | र | ■ | ■ | लु |
| झां | ■ | ज | बा | न | ■ | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | ■ | भा | र्या | ■ | न |
| ■ | र्म | ■ | ■ | ज | र | दा | ■ | ■ |

# उर्फी जावेद के नए अवतार ने खींचा लोगों का ध्यान

टीवी की मशहूर अभिनेत्री और बिग बॉस ओटीटी की प्रतियोगी रही उर्फी जावेद सोशल मीडिया पर बहुत एक्टिव रहती हैं। उर्फी अपने बेबाक अंदाज और बोल्डनेस के लिए प्रशंसकों के बीच बहुत लोकप्रिय हैं। वही उर्फी जावेद की हर अदा पर मर-मिटने वाले फैंस उनकी झलक पाने को उत्साहित रहते हैं। यही कारण है, जो वो अपने प्रशंसकों को कभी दुखी नहीं करती हैं। वही अब एक बार फिर उर्फी ने ब्रालेस लुक में फोटोशूट कराया है। उर्फी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने नए सुपर सिजलिंग लुक में कुछ फोटोज साझा की हैं। तस्वीरों में उर्फी पिंक कलर के पैंट सूट में ब्रालेस लुक में नजर आ रही हैं। तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि उर्फी ने पिंक कलर का ब्लेजर तथा पैंट पहना हुआ है। मगर अपनी ड्रेस के साथ उन्होंने कोई ईनरवियर नहीं पहना है। उर्फी ने अपने इस लुक के साथ ट्रेंडी सिल्वर नेकपीस कैरी करके ग्लैम टच दिया है। वही ग्लॉसी न्यूड लिपस्टिक तथा ग्लॉसी बेस के साथ उन्होंने ड्रेस के मैचिंग का पिंक आईशैडो लगाया है। वही बात यदि हेयर स्टाइल की करें तो उर्फी ने अपने बालों को लाइट वेव के साथ खुला ही रखा है। उर्फी इस अवतार में ग्लैमरस डॉल लग रही हैं। वही अब उर्फी किसी नए अवतार में तस्वीरें साझा करे और प्रशंसकों की प्रतिक्रियाएं ना आए, ये भला कैसे हो सकता है? हमेशा की भांति उर्फी के नए ब्रालेस अवतार ने प्रशंसकों को फिर से अपनी तरफ आकर्षित कर लिया है। सिर्फ कुछ ही मिनटों में अभिनेत्री की तस्वीरों को हजारों लोग लाइक कर चुके हैं।( आरएनएस)

# बालकृष्ण की अखंड ने सिनेमाघरों में सफलतापूर्वक पूरे किए 50 दिन

निदेशक बोयापति श्रीनु की अखंड ने सिनेमाघरों में 5० दिनों की दौड़ सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। यूनिट के करीबी सूत्रों ने दावा किया कि फिल्म ने 1०3 केंद्रों में यह उपलब्धि हासिल की है। बालकृष्ण की किसी फिल्म के लिए अब तक के सबसे बड़े बजट में बनी अखंड ने 2०० करोड़ रुपये का जोरदार बिजनेस किया है। निर्देशक बोयापति श्रीनु और बालकृष्ण का संयोजन सफल साबित हो रहा है क्योंकि यह लगातार दोनों की तीसरी ब्लॉकबस्टर है, अन्य दो ब्लॉकबस्टर सिम्हा और लीजेंड हैं। निर्माताओं का दावा है कि अखंड ने न केवल निर्माता बल्कि सभी वितरकों को भी भारी मुनाफा दिया है। विदेशों में भी यह फिल्म शानदार प्रदर्शन कर रही है। इसने हाल ही में अमेरिका में मिलियन-डॉलर का आंकड़ा छुआ है। अखंड, जिसमें प्रज्ञा जायसवाल ने मुख्य भूमिका निभाई है, में श्रीकांत को प्रतिपक्षी और जगपति बाबू को एक महत्वपूर्ण भूमिका में दिखाया गया है। इसमें थमन का संगीत और सी राम प्रसाद का छायांकन है।

# अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी विद्या बालन की फिल्म जलसा ?

अभिनेत्री विद्या बालन आने वाले दिनों में एक से बढ़कर एक फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगी। जलसा भी उनकी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है, जो काफी समय से सुर्खियों में बनी हुई है। अब उनकी इस फिल्म की रिलीज से जुड़ी जानकारी सामने आई है। खबर है कि जलसा सीधे हृञ्ञ की ओर रुख कर सकती है। हालांकि, पहले यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, विद्या बालन की बहुचर्चित सोशल ड्रामा फिल्म जलसा अब थिएटर में नहीं रिलीज नहीं होगी। फिल्म को सीधे हृञ्ञ प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर लाने का फैसला किया गया है। विद्या भी इस फैसले से खुश हैं। उन्हें खुशी है कि इसके जरिए दुनियाभर के दर्शक उनकी इस फिल्म को देख सकेंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि हृञ्ञ पर फिल्म का प्रीमियर मार्च, 2०22 में हो सकता है। पिछली बार विद्या की फिल्म शकुंतला देवी हृञ्ञ पर रिलीज होने वाली पहली फिल्म थी। इसे अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम किया गया था। इसके बाद विद्या की फिल्म शेरनी भी प्राइम वीडियो पर आई और दोनों ही फिल्मों को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली।

जलसा के जरिए विद्या फिर निर्देशक सुरेश त्रिवेणी के साथ काम कर रही हैं, जिन्होंने उनकी फिल्म तुम्हारी सुलु का निर्देशन किया था। विक्रम मल्होत्रा इस फिल्म के सह-निर्माता हैं, जिनके साथ विद्या शकुंतला देवी और शेरनी में काम कर चुकी हैं। फिल्म से जुड़ी दिलचस्प बात यह है कि इसमें विद्या के साथ पहली बार अभिनेत्री शेफाली शाह नजर आएंगी। विद्या इसमें एक टीवी न्यूज एंकर की भूमिका में हैं, वहीं शेफाली उनकी मेड का किरदार निभा रही हैं। विद्या और शेफाली के अलावा जलसा में रोहिणी हट्टंगडी, इकबाल खान, विधात्री बंदी, गुरपाल सिंह और सूर्य कसीभाटिया के साथ मानव कौल भी नजर आएंगे। प्रज्वल चंद्रशेखर और सुरेश त्रिवेणी ने इस फिल्म की कहानी लिखी है। अब्बास-हुसैन दलाल ने फिल्म के लिए डायलॉग लिखे हैं। जलसा से भूषण कुमार भी बतौर को-प्रोड्यूसर जुड़े हैं। वह कहते हैं, मुझे जलसा जैसी कहानी से जुड़कर गर्व है। विद्या बालन और शेफाली शाह ने इस फिल्म को और खास बना दिया है। विद्या फिल्म तुम्हारी सुलु के बाद निर्माता तनुज गर्ग और अतुल कसबेकर के साथ दोबारा अपनी फिल्मी पारी शुरू करने जा रही हैं। यह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म होगी। फिलहाल इसका नाम लवर्स रखा गया है। ( आरएनएस)

# यशराज फिल्म्स की तरफ से सामंथा को मिला तीन फिल्मों का ऑफर ?



सामंथा रुथ प्रभु दक्षिण भारतीय सिनेमा की लोकप्रिय अदाकारा हैं। उन्होंने पिछले साल अमेजन प्राइम वीडियो की सीरीज द फैमिली मैन 2 के साथ डिजिटल डेब्यू किया था। पहली बार इस सीरीज के साथ उन्होंने हिन्दी के दर्शकों का ध्यान खींचा। जो फैंस उन्हें बॉलीवुड फिल्मों में देखना चाहते हैं, उनके लिए सुकून देने वाली खबर आई है। दिग्गज प्रोडक्शन कंपनी यशराज फिल्म्स की तरफ से सामंथा को तीन बड़ी फिल्मों का ऑफर मिला है।

रिपोर्ट के मुताबिक, यशराज फिल्म्स ने सामंथा को तीन बड़ी फिल्मों के लिए अप्रोच किया है। इन तीन फिल्मों की डील के लिए उनसे बातचीत का दौर जारी है। खबरों की मानें तो इस बड़े प्रोडक्शन बैनर ने सामंथा को मोटी रकम भी ऑफर की है। कहा जा रहा है कि अभिनेत्री ने भी इस डील में अपनी रुचि दिखाई है। हालांकि, इस संबंध में अभी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, सामंथा तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों की सूची में शामिल हैं। हाल में उन्होंने अपना फीस बढ़ाया है और एक फिल्म के लिए वह करीब 3-4 करोड़ रुपये चार्ज करती हैं। अभिनेता वरुण धवन ने सिटाडेल के हिन्दी वर्जन के लिए अमेजन प्राइम वीडियो के साथ हाथ मिलाया है। वह इस सीरीज में मुख्य भूमिका निभाएंगे। इस सीरीज में सामंथा वरुण के अपोजिट नजर आएंगी। यह प्रियंका चोपड़ा की अमेरिकी ड्रामा सीरीज सिटाडेल का देसी संस्करण होगा। बताया जा रहा है कि मेकर्स को एक फ्रेश जोड़ी की तलाश थी। यही वजह है कि उन्होंने सामंथा को कास्ट किया। इस सीरीज में वह एक्शन अवतार में दिखेंगी। सामंथा ने हॉलीवुड निर्देशक और स्क्रीनराइटर फिलिप जॉन की अगली फिल्म अरेंजमेंट्स ऑफ लव साइन कर ली है। उन्होंने ट्विटर पर फिलिप जॉन के साथ अपनी तस्वीर पोस्ट कर लिखा था, मैंने 2००9 में ये माया चेसावे के लिए ऑडिशन दिया था। 12 साल बाद फिर ऑडिशन देते हुए मुझे वही घबराहट महसूस हुई। मुझे डाउनटन एबी के डायरेक्टर फिलिप जॉन के लिए ऑडिशन देने का मौका मिला। मैं खुशी से उछल रही हूं, शुक्रिया मुझे चुनने के लिए सर।

यशराज फिल्म्स के मालिक हैं आदित्य चोपड़ा। इस प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले कई यादगार फिल्में बनी हैं। इस प्रोडक्शन कंपनी के तले बनी बंटी और बबली 2 हाल में रिलीज हुई है। आदित्य करण मल्होत्रा के निर्देशन में बनी फिल्म शमशेरा को प्रोड्यूस कर रहे हैं। इसके अलावा अक्षय कुमार की फिल्म पृथ्वीराज भी यशराज के बैनर तले बन रही है। रणवीर सिंह की जयेशभाई जोरदार को भी यशराज फिल्म्स ही प्रोड्यूस कर रही है। ( आरएनएस)

# वेब सीरीज द एंड से डेब्यू की तैयारी में अक्षय कुमार

गत वर्ष 5 नवम्बर को अक्षय कुमार बॉलीवुड के पहले ऐसे सितारे बने थे जिनकी फिल्म सूर्यवंशी पूरी तरह से खुले सिनेमाघरों में बड़े स्तर पर प्रदर्शित की गई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की लेकिन यह सिर्फ अपनी लागत को निकालने में सफल हो पाई थी। कोविड के चलते 125 करोड़ में बनी अक्षय कुमार की फिल्म सूर्यवंशी की लागत प्रदर्शन के वक्त तक 17० करोड़ तक पहुँच गई थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर लगभग 2०० करोड़ का कारोबार किया था। नेटफ्लिक्स ने इस फिल्म के लिए 75 करोड़ की राशि अदा की थी। इस साल भी अक्षय कुमार दर्शकों के सामने राम सेतु, पृथ्वीराज और बच्चन पांडे के जरिये आने की तैयारी में हैं। फिल्मों के अलावा अक्षय कुमार द एंड नाम की वेब सीरीज से डेब्यू भी करने वाले हैं, जो कि 2०23 के मध्य में प्रदर्शित होगी। इस सीरीज का प्री-प्रोडक्शन काम भी मार्च/अप्रैल में चालू होगा। फिलहाल स्क्रिप्ट फाइनल की जा रही है।रिपोर्ट के मुताबिक इस बारे में और ज्यादा जानकारी देते हुए कहा, टीम ने स्क्रिप्ट पर काफी टाइम लिया है क्योंकि ये एक कॉम्प्लैक्स सेट पर आधारित है जिसमें भविष्य के बारे में भी दिखाया जाएगा। सीरीज एक्शन से भरपूर थ्रिलर होने वाली है, इसमें अक्षय इंसानों को बचाने के लिए समय के साथ दौड़ लगाते नजर आएंगे। कहा जा रहा है कि मेकर्स तीन निर्देशकों से बातचीत कर रहे हैं। इनमें से कोई न कोई इस वेब सीरीज को निर्देशित करेगा। पहला नाम राम सेतु के निर्देशक अभिषेक शर्मा का है। दूसरे फैमिली मैन 2 के सुपर्ण वर्मा हैं और तीसरे अनुराग सिंह हैं जिन्होंने अक्षय की फिल्म केसरी निर्देशित की थी। इनमें से एक निर्देशक का चुनाव फरवरी तक कर लिया जाएगा। अक्षय के इस शो का ऐलान 2०19 में हो गया था, जब वो स्टेज पर अपने आप को आग लगाकर आ गए थे। वैसे उम्मीद की जा रही है कि अक्षय कुमार की इस वेब सीरीज के निर्देशन का जिम्मा सुपर्ण वर्मा को मिल सकता है क्योंकि वे पहले ही दर्शकों को फैमिली मैन के दो सीजन सफलतापूर्वक दे चुके हैं। वेब सीरीज को दर्शकों की नजरों में किस तरह से हिट किया जा सकता है वे इस बात को भली भाँति जानते हैं।

# लाइगर के लिए विजय देवरकोंडा ने डबल कर दी अपनी फीस

साउथ के सुपरस्टार विजय देवरकोंडा की गिनती तेलुगु फिल्मों के सफल अभिनेताओं में होती है। उनकी फैन फॉलोइंग करोड़ों में है। यही वजह है कि विजय की आने वाली हर फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार रहता है। पिछले काफी समय से विजय अपनी पहली फिल्म लाइगर को लेकर सुर्खियों में हैं। खबर है कि इस फिल्म के लिए विजय ने निर्माताओं से मोटी रकम वसूली है।

अर्जुन रेड्डी जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म से विजय ने जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की थी। इसके बाद आई उनकी फिल्म डियर कॉमरेड से इंडस्ट्री में उनका कद और बढ़ गया। रिपोर्ट के मुताबिक, विजय ने लाइगर के लिए 2० करोड़ रुपये फीस के तौर पर लिए हैं। इतना ही नहीं, वह फिल्म को होने वाले मुनाफे में भी अपना हिस्सा लेंगे। 2०19 में आई डियर कॉमरेड के लिए विजय ने 1० करोड़ रुपये चार्ज किए थे।

विजय ने अपने फिल्मी करियर में कई हिट और यादगार फिल्में दी हैं। उन्होंने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत 2०11 में आई फिल्म नुव्विला से की थी। हालांकि, फिल्म अर्जुन रेड्डी में विजय की एक्टिंग को इतना पसंद किया गया कि रातों-रात हिट हो गए।

लाइगर का निर्देशन पुरी जगन्नाथ ने किया है। इस फिल्म से विजय देवरकोंडा बॉलीवुड में कदम रख रहे हैं। इसमें वह मार्शल आर्टिस्ट के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में उनकी जोड़ी अनन्या पांडे के साथ बनी है। दोनों की यह पहली पैन इंडिया फिल्म है। फिल्म में रोनित रॉय, राम्या कृष्णन, मकरंद देश पांडे और अली बाशा भी नजर आएंगे। लाइगर हिंदी, तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ भाषा में रिलीज होने वाली है।

लाइगर में विजय और अनन्या के साथ बॉक्सिंग चैंपियन माइक टायसन भी नजर आने वाले हैं। हाल ही में टीम ने उनके साथ लास वेगस में शूटिंग पूरी की है। माइक पहली बार किसी बॉलीवुड फिल्म में नजर आने वाले हैं। उनके फिल्म से जुड़ने की घोषणा से फैंस काफी उत्साहित हो गए थे। फिल्म में विजय और माइक रिंग में दो-दो हाथ करते दिखेंगे। माइक हैंगओवर और आईपी मैन 3 जैसी हॉलीवुड फिल्मों में नजर आ चुके हैं। बता दें कि फिल्म लाइगर करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बन रही है। करण ने बीते दिसंबर ट्विटर पर एक पोस्टर शेयर कर यह जानकारी दी थी कि लाइगर दर्शकों के बीच कब आएगी। उन्होंने फिल्म का पोस्टर साझा कर लिखा था, एक्शन, रोमांच और पागलपन। यह एकदम धमाल होने वाला है। लाइगर दुनियाभर के सिनेमाघरों में अगले साल 25 अगस्त को रिलीज हो रही है। अपना नया साल इसी धमाके के साथ शुरू करें। (आरएनएस)

# भारत की जवाबी परमाणु नीति के मायने

जी. पार्थसारथी

भारत की परमाणु प्रति-चेतावनी उपायों की एक खासियत इस पर गोपनीयता बरतने की रही है। यह आवश्यक भी है क्योंकि भारत के परमाणु अस्त्र और मिसाइल कार्यक्रम में सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र, मसलन, डीआरडीओ, परमाणु ऊर्जा विभाग, अकादमिक संस्थान और व्यावसायिक संगठनों के वैज्ञानिक एवं इंजीनियरों की प्रतिबद्धता जुड़ी है। भारत के परमाणु कार्यक्रम पर दुनियाभर के विशेषज्ञों की टोही नजर लगातार बने रहना स्वाभाविक है, जैसे कि फेडरेशन ऑफ अमेरिकन साइंटिस्ट, यूके, फ्रांस, रूस के संगठन और फिर चीन और पाकिस्तान की खास नज़र तो रहती ही है।

जहां भारतीय वैज्ञानिक बैलेस्टिक मिसाइल परीक्षणों पर न्यूनतम जानकारी वाले वक्तव्य देते हैं, वहीं अमेरिकी प्रकाशन जैसे कि बुलेटिन ऑफ एटॉमिक साइंटिस्ट और मैक्आर्थर फाउंडेशन सरीखे संगठनों की पत्रिकाओं में भारतीय परमाणु अस्त्र और अणु कार्यक्रम के बारे में तफ्सील होती है। यह लेख, अध्ययन सावधानीपूर्वक खोजपरक और सत्यापना युक्त होते हैं। रोचक यह कि उक्त जानकारी भारत में समय-समय पर छपे लेखों से कुछ खास अधिक नहीं होती।

बुलेटिन ऑफ एटॉमिक साइंटिस्ट के मुताबिक, भारत के पास 150-200 परमाणु अस्त्रास्त्र बनाने लायक मात्रा का संवर्धित प्लूटोनियम है और तैयार हथियारों का अनुमानित भंडार लगभग 150 है। फिर भारत के पास फास्ट ब्रीडर एवं अन्य प्लूटोनियम रिएक्टरों के बूते परमाणु हथियार ग्रेड परमाणु पदार्थ बढ़ाने की क्षमता भी है। कुख्यात रहे पाकिस्तानी परमाणु वैज्ञानिक डॉ. एक्यू खान के मुताबिक, पाकिस्तान ने चीन को यूरेनियम संवर्धन की सेंट्रीफ्यूगल तकनीक दी थी, जिसकी जानकारी उन्होंने 1970 और 1980 के दशक में यूरोप में काम करते वक्त चुराई थी। बदले में, चीन ने पाकिस्तान को परमाणु अस्त्रास्त्र लायक स्वदेशी यूरेनियम संवर्धन करने की तकनीक साझा की थी। तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर ने इस घटनाक्रम को जानबूझकर अनदेखा किया था क्योंकि तब वे 1978 में चीनी नेता देंग शियाओ पिंग की वाशिंगटन यात्रा के दौरान दिखाए दोस्ताना रवैये से अभिभूत हो चुके थे।

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस इंस्टिट्यूट (सिपरी) के आकलन के अनुसार, आज की तारीख में चीन के पास कोई 350 परमाणु अस्त्र हैं, पाकिस्तान की संख्या 165 है, तो भारत के पास 156 आणविक मिसाइलें हैं। भारत ने थलीय मिसाइलों के परीक्षणों के अलावा लगभग एक महीने पहले अपनी तीसरी परमाणु पनडुब्बी को सेवारत किया है, जो कि 8 बैलेस्टिक मिसाइलों से लैस है। इससे पहले वाली दो पनडुब्बियों में, प्रत्येक में 4 बैलेस्टिक मिसाइलें तैनात हैं। एक अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धि में अब भारत के पास मिसाइलें पाइपनुमा मौसम-रोधी सील युक्त डिब्बों में रखकर एक से दूसरी जगह पहुंचाने की काबिलियत भी है। यह नई सुविधा हाल ही में परीक्षणों से गुजरी है और 5000 किमी. तक मार करने वाली अग्नि-पी और अग्नि-वी समेत तमाम अन्य मिसाइलों के लिए उपयुक्त है। अनेकानेक अध्ययनों में भारत की आणविक मिसाइलें दागने की क्षमता में फ्रांस निर्मित मिराज़-2000 और राफेल विमानों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया है।

चीन ने पाकिस्तान को परमाणु हथियार और कई दूरियों वाली मिसाइलें बनाने का डिज़ाइन दिया है। उसने पाकिस्तान को जो मिसाइलें दी हैं, उनमें कम दूरी (320 किमी.) की गज़नवी से लेकर 2500 किमी. तक मार करने वाली शाहीन-2 और 2780 किलोमीटर रेंज वाली शाहीन-3 शामिल हैं। मजेदार यह कि चीन ने आणविक-अस्त्रों का जो डिज़ाइन पाकिस्तान को दिया है, वह वही है जो एक्यू खान ने लीबिया और इराक जैसे इस्लामिक देशों से भी साझा किया था।

भारत अब तक तीन परमाणु-शक्ति चालित पनडुब्बियां बना चुका है और चौथी अगले साल बेड़े में शामिल होने की उम्मीद है। यह खबर भी है कि भारत में मल्टीपल वार-हैड युक्त मिसाइलें बनाने पर काम चल रहा है। फेडरेशन ऑफ अमेरिकन साइंटिस्ट्स की एक हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि 18 दिसंबर, 2021 को भारत ने अग्नि-पी मिसाइल का दूसरा परीक्षण अब्दुल कलाम रेंज नामक एकीकृत परीक्षण स्थल से किया है। इसका पहला टेस्ट जनवरी, 2020 में हुआ था। इससे भारत के लगातार बढ़ते परमाणु पनडुब्बी बेड़े में अग्नि-पी मिसाइलों की तैनाती की संभावना प्रशस्त हो गई है, जिसके पास पहले ही पनडुब्बियों से दागी जाने वाली अग्नि-5 और मल्टीपल वारहैड मिसाइलें हैं।

रिवायती 'महान हान समुदाय श्रेष्ठता' से ग्रस्त चीन आगे भी दिखावा करता रहेगा कि उसे भारत के साथ परमाणु अस्त्रों पर कोई संवाद करने में दिलचस्पी नहीं है। इसी बीच भारत पनडुब्बी से दागी जा सकने और 3500 किमी. रेंज वाली के-4 मिसाइल विकसित कर रहा है। यह अंतर-मध्यम दूरी वाली अग्नि-3 का नौसैन्य रूपांतर है। के-4 के अनेक परीक्षण हो चुके हैं लेकिन तैनाती होना बाकी है। जनवरी, 2020 में इसका एक परीक्षण विशाखापट्टनम के तट से लगे समुद्र में जलमग्न पन्टून मंच से दागकर किया गया था। हालांकि डीआरडीओ ने इस टेस्ट की तस्दीक नहीं की थी, लेकिन अधिकारियों को उद्धृत करती मीडिया रिपोर्टों में इसके सफल रहने का दावा था।

हालांकि पाकिस्तान ने कभी औपचारिक रूप से अपने परमाणु अस्त्र उपयोग सिद्धांत का खुलासा नहीं किया है, परंतु न्यूक्लियर कमांड ऑथोरिटी के सामरिक योजना विभाग के लंबे अर्से तक मुखिया रहे ले. जनरल खालिद किदवई ने वर्ष 2002 में इटली के लांडाऊ नेटवर्क के भौतिक वैज्ञानिकों को बताया था कि पाकिस्तान के परमाणु हथियार 'केवल भारत को निशाना बनाने' हेतु हैं। किदवई ने आगे कहा कि यदि कभी भारत बड़े पाकिस्तानी हिस्से को जीत लेता है या हमारी थल और वायुसेना को भारी नुकसान पहुंचाता है या फिर पाकिस्तान की आर्थिकी का गला घोटे अथवा राजनीतिक रूप से अस्थिर करे, इन सूरतों में भी हम परमाणु हथियार इस्तेमाल करेंगे। वह शख्स, जो एक दशक से ज्यादा समय तक पाकिस्तान के परमाणु हथियार जखीरे का नियंता और बांग्लादेश लड़ाई में 1971-73 के बीच युद्ध-बंदी रहने के अलावा एक व्यावसायिक फौजी हो, उसका यह वक्तव्य पाकिस्तान के परमाणु मंतव्यों की रूपरेखा स्पष्ट करता है। चूंकि भारत का इरादा पाकिस्तान के साथ लंबा युद्ध चलाकर अपने स्रोतों का ह्रास करने का नहीं है और न ही घनी आबादी से पटे शहर कब्जाने की ख्वाहिश है, तथापि पाकिस्तान को मुगालता न रहे कि 26/11 जैसा हमला होने की सूरत में नया भारतीय नेतृत्व, गांधी के अहिंसावादी विचारों का नव-अनुगामी होने के बावजूद, आराम से बैठा रहेगा।

अब यह एकदम साफ है कि दिवालिया हुए पाकिस्तान पर अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संगठनों का भारी दबाव है, ऐसे में उसको भारत को अस्थिर करने की चाहत में आतंकवादियों की मदद जारी रखने से पहले सोच-विचार करना चाहिए। फिर, वह ड्यूरंड सीमा रेखा को मान्यता न देने वाली पश्तून आकांक्षा को तालिबान का समर्थन मिलने के मद्देनजर दूरंदेशी से काम ले। रोचक है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही में कहा है कि बेशक भारत परमाणु हथियार पहले प्रयोग न करने वाली अपनी नीति पर कायम है, वहीं भविष्य में क्या होता है यह हालात पर निर्भर होगा।

देश की राष्ट्रीय सुरक्षा को चीन और पाकिस्तान से दरपेश दोहरी चुनौतियों का सामना करने के लिए विकसित की गई स्वदेशी मिसाइल एवं परमाणु क्षमता प्राप्त करने में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम एवं उनकी टीम के इंजीनियरों और परमाणु ऊर्जा विभाग के विशिष्ट साइंसदानों का योगदान सदा याद रखना चाहिए। साथ ही निजी क्षेत्र के उन लोगों का भी, जिन्होंने इस राष्ट्रीय प्रयास में गुप्त रूप से महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।

लेखक पूर्व वरिष्ठ राजनयिक हैं।

## सू- दोकू क्र.105

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.104 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# आरक्षण और योग्यता

नीट पीजी परीक्षा में आरक्षण को दो सप्ताह पूर्व झंडी दे चुके सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले की तार्किक व्याख्या व्यापक संदर्भों में की है। दरअसल, इस फैसले में देरी की वजह से जूनियर डाक्टरों ने दिल्ली में व्यापक आंदोलन किया था। उसके बाद सात जनवरी को एक फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने नीट पीजी में 27 फीसदी ओबीसी और दस फीसदी ईडब्ल्यूएस कोटे को मंजूरी दे दी थी। लेकिन कोर्ट ने तब अपने फैसले की तार्किक व्याख्या नहीं की थी। अब कोर्ट ने आरक्षण की सामाजिक न्याय की अवधारणा समेत तमाम सवालों के जवाब देने का प्रयास किया। सबसे महत्वपूर्ण यह कि योग्यता को प्रतियोगी परीक्षा के नतीजे की संकीर्ण परिभाषा तक सीमित नहीं रखा जा सकता क्योंकि इन परीक्षाओं से अवसर की औपचारिक समानता ही हासिल होती है। कोर्ट ने कहा कि आरक्षण और योग्यता में कोई अंतर्विरोध नहीं है बल्कि आरक्षण सामाजिक न्याय की अवधारणा को पुष्ट करके योग्यता का संवर्धन ही करता है। दरअसल, न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना की पीठ का मानना था कि स्नातक हो जाने से किसी व्यक्ति की सामाजिक व आर्थिक स्थिति नहीं बदल जाती। उनकी कमजोर पृष्ठभूमि के मद्देनजर आरक्षण देने की जरूरत महसूस होती है। साथ ही यह भी तर्क दिया कि जब अन्य स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में आरक्षण लागू है तो नीट में भी दिया जाना चाहिए। दरअसल, अदालत का मानना था कि योग्यता व आरक्षण परस्पर विरोधी नहीं हैं। महज प्रतियोगी परीक्षा के ही अंकों को योग्यता का मापदंड नहीं माना जा सकता। उसे सामाजिक रूप से भी प्रासंगिक बनाने की जरूरत है। अदालत ने संविधान निर्माताओं की आरक्षण अवधारणा को पुष्ट करते हुए कहा कि देश में पिछड़ापन दूर करने के लिये आरक्षण देना प्रासंगिक है। अपवाद को स्वीकार करते हुए अदालत का मानना था कि संभव है कि कुछ लोग ऐसे हो सकते हैं जो पिछड़े न होते हुए भी आरक्षण का लाभ उठा रहे हों, लेकिन व्यापक अर्थों में आरक्षण की तार्किकता को नकारा नहीं जा सकता। दरअसल, कोर्ट की यह व्याख्या इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि ओबीसी आरक्षण व आर्थिक आधार पर आरक्षण का मामला अदालत में विचाराधीन होने के बावजूद केंद्रीय परीक्षाओं में इसे लागू करने के लिये अब अदालत की मंजूरी लेने की आवश्यकता नहीं होगी। दरअसल, अदालत में आरक्षण से जुड़े कई मामलों में याचिका दायर की गई थी। इसमें ईडब्ल्यूएस कोटे का लाभ आठ लाख से कम सालाना आय वालों को दिये जाने के आधार पर सवाल खड़े किये गये थे। दलील दी गई थी कि इतनी आय वाला परिवार आर्थिक रूप से पिछड़ा नहीं हो सकता। इस बाबत केंद्र ने कोर्ट को बताया था कि यह मानक तार्किक है। साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा कि सरकार ने नीट पीजी की काउंसलिंग से पहले आरक्षण लागू कर दिया था, ऐसे में यह नियम विरुद्ध नहीं कहा जा सकता। साथ की पीठ ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि इस मामले में अदालत को पुन: समीक्षा करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि नीट पीजी में ओबीसी और ईडब्ल्यूएस आरक्षण संवैधानिक रूप से मान्य है। इसी क्रम में कोर्ट ने योग्यता व आरक्षण के मुद्दे पर व्यापक दृष्टि को परिभाषित भी किया। कोर्ट का मानना था कि कोई परीक्षा व्यक्ति की वर्तमान सक्षमता को ही दर्शाती है, उसकी क्षमताओं, उत्कृष्टता व सामर्थ्य को पूरी तरह परिभाषित नहीं करती। इसको समृद्ध करने में अनुभव, बाद का प्रशिक्षण और व्यक्तिगत चरित्र की भी भूमिका होती है। इसके साथ ही मानवीय मूल्यों को जोड़कर अदालत ने टिप्पणी की कि उच्च अंक हासिल करने वाला उम्मीदवार यदि अपनी प्रतिभा का उपयोग अच्छे कार्य करने के लिये नहीं करता तो उसे मेधावी नहीं कहा जा सकता। वैसे योग्यता एक सामाजिक अच्छाई है और इसका संरक्षण जरूरी है। वहीं न्यायालय का स्पष्ट मानना था कि इस मामले में न्यायिक हस्तक्षेप से इस साल की प्रवेश परीक्षा प्रक्रिया में देरी हो सकती थी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि देश इस समय महामारी की चुनौती से जूझ रहा है और देश को अधिक डॉक्टरों की जरूरत है। कुल मिलाकर अदालत ने योग्यता को सामाजिक रूप से प्रासंगिक बनाने पर बल दिया।(आरएनएस)

## चुनाव ड्यूटी में जाने वाले वाहन चालकों को लगे बूस्टर डोज

चमोली (आरएनएस)। टैक्सी महासंघ ने चुनाव ड्यूटी में जाने वाले चालक, परिचालकों को कोरोना रोधी टीके की बूस्टर डोज लगाए जाने की मांग की है। इस मामले में टैक्सी महासंघ ने निर्वाचन आयोग को पत्र भेजा है। टैक्सी–मैक्सी महासंघ के अध्यक्ष डा. मदन मोहन नवानी ने कहा कि विधानसभा चुनावों में हजारों की संख्या में गढ़वाल परिक्षेत्र में टैक्सी–मैक्सी वाहनों की जरूरत होती है। यही नहीं १४ फरवरी को होने वाले मतदान सहित अन्य कामों के लिए वाहन अभी से हायर होने लग गए हैं। दूसरी ओर कोरोना संक्रमण भी चरम पर है। जिसके लिए चुनाव ड्यूटी में जाने वाले कर्मियों को बूस्टर डोज प्रशासन द्वारा दिया जा रहा है। लेकिन चालक या परिचालकों के लिए अभी ऐसा कोई आदेश नहीं है। ऐसे में वाहन चालक भी सुरक्षित रहे, जिसके लिए चुनाव ड्यूटी में जाने वाले सभी वाहन चालक और परिचालकों को भी टीके की बूस्टर डोज दी जानी आवश्यक है। डा. नवानी ने बताया कि मामले में प्रदेश के मुख्य चुनाव आयुक्त को महासंघ की ओर से पत्र भेजा गया है।

## कीर्तिनगर में डोर टू डोर प्रचार ने पकड़ी तेजी

श्रीनगर गढ़वाल (आरएनएस)। देवप्रयाग विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे भाजपा, कांग्रेस, यूकेडी व आप पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अपने–अपने प्रत्याशी के पक्ष में डोर टू डोर प्रचार अभियान को तेज कर दिया है। कार्यकर्ता टोलियों में जाकर लोगों से वोट की अपील कर रहे हैं। देवप्रयाग के सीटिंग विधायक व भाजपा प्रत्याशी विनोद कंडारी स्वयं अपने समर्थकों के साथ पांच सालों में हुए कार्यों के नाम पर लोगों से वोट मांग रहे हैं। जबकि कांग्रेस के मंत्री प्रसाद नैथानी व यूकेडी के दिवाकर भट्ट पांच सालों के कार्यकाल को विफल बताते हुए लोगों के बीच जा रहे हैं। वहीं आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी डा. उत्तम भंडारी केजरीवाल की पांच गारंटी व आप की सरकार आने पर किए गए वायदों को पूरा करने की बात को लेकर लोगों से वोट मांग रहे हैं।

## आप के कर्णप्रयाग ब्लाक अध्यक्ष भाजपा में शामिल

चमोली (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी के ब्लाक अध्यक्ष महिपाल सिंह भाजपा में शामिल हो गए हैं। महिपाल सिंह ने शुक्रवार को विधानसभा मुख्यालय में भाजपा कार्यालय में पार्टी की सदस्यता ली। भाजपा के जिला महामंत्री समीर मिश्रा, विधानसभा संयोजक धन सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए कई लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष झगड़ सिंह, सुभाष चमोली, धीरेंद्र भंडारी सहित कई अन्य शामिल थे।

## बीजेपी ने किया महिलाओं का सम्मानः ऋतु खंडूड़ी

कोटद्वार (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी ऋतु खंडूड़ी ने शुक्रवार को कोटद्वार विधानसभा सीट से पर्चा दाखिल किया। ऋतु ने कहा कि बीजेपी हमेशा से महिलाओं का सम्मान करती है। खंडूड़ी ने कहा कि उनका टिकट नहीं कटा, बल्कि गढ़वाल के द्वार कोटद्वार जैसी प्रतिष्ठित सीट पर पार्टी ने उन्हें प्रत्याशी बनाया है और यह सभी महिलाओं का सम्मान है। खंडूड़ी ने कहा कि यमकेश्वर में भी उन्होंने विकास किया और कोटद्वार में यदि जनता ने उन्हें चुना तो वह विकास करेगी। उन्होंने कहा कि कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी पार्टी द्वारा एक महिला को दी गई है उसका निर्वहन किया जाएगा।

## भाजपा को जनता देगी जवाबः गोदियाल

पौड़ी (आरएनएस)। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने शुक्रवार को श्रीनगर सीट से नामांकन करवाया। कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने कहा कि वह प्रदेश की जनता से अपली करते हैं कि पार्टी को बहुमत दे ताकि कांग्रेस सरकार की चिंता छोड़ विकास कामों पर लगे। गोदियाल ने कहा कि डा. हरक सिंह रावत जनाधार वाले नेता है और उनका लाभ पार्टी को प्रदेश भर में मिलेगा। गोदियाल ने कहा कि बीजेपी सरकार का जनता से कोई सरोकार नहीं है लिहाजा महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को वह भूल गई। गोदियाल ने कहा कि कोविड काल में सरकार ने नौकरियों को लिए इंटरव्यू भी प्रदेश से बाहर रखे इससे अंदाजा लगाया जा सकता है वह युवाओं के साथ थे या नहीं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि चर्चाएं तो भी ये भी कि १५ –१५लाख लेकर सरकार ने नौकरियां दी। कोविड में सहारा देने के बजाए सरकार का ध्यान पैसों पर रहा। अब जनता बीजेपी को चुनाव में जवाब देगी। गोदियाल ने कहा कि वह कोई दावा तो नहीं करते कि कितनी सीट जीतेंगे यह जनादेश का मजाक होगा, लेकिन मतदाताओं से जरूर अपील करते है कि प्रदेश में भ्रष्टाचार मुक्त सरकार बनाने के लिए कांग्रेस के पक्ष में मतदान करें।

# पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष ने थामा भाजपा का दामन

संवाददाता



देहरादून। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष डोईवाला डिग्री कॉलेज व युवक कांग्रेस प्रदेश सचिव रहे मनीष यादव ने आज कांग्रेस का हाथ छोड़कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है।

दून जायका भानियावाला मे आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हें भाजपा जिला अध्यक्ष शमशेर सिंह पुंडीर व भाजपा प्रत्याशी बृजभूषण गैरोला ने भाजपा का पटका पहना कर भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर मनीष यादव ने कांग्रेस के खिलाफ बोलने से तो परहेज किया किया लेकिन हरीश रावत के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने उन पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए अपनी पुत्री को टिकट दिलाने व डोईवाला के युवा नेता मोहित शर्मा के साथ छल करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि गलत टिकट आवंटन के कारण कांग्रेस डोईवाला में बुरी तरह परास्त होगी और भाजपा प्रत्याशी बृज भूषण गैरोला प्रचंड मतो से विजय होंगे। व भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी की विजय के लिए पूरी ऊर्जा और समर्पित भाव से कार्य करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विनय कंडवाल व संचालन जिला मीडिया प्रभारी संपूर्ण सिंह रावत ने किया।

इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी संदीप गुप्ता, मंडल अध्यक्ष राजकुमार, प्रवासी प्रभारी अंजना शर्मा, सीमा कन्याल, प्रदीप नेगी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## संस्कार भारती की ऑनलाइन काव्य गोष्ठी

विकासनगर (आरएनएस)। संस्कार भारती की ओर से भारत माता पूजन एवं बाल काव्य गोष्ठी का आयोजन ऑनलाइन लाइव मीटिंग के माध्यम से किया गया। इसमें छात्र–छात्राओं ने वृहद रूप से अपनी अपनी प्रतिभा का ऑनलाइन प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्कार भारती जिला देहरादून के अध्यक्ष डॉ. अजय वर्मा ने दीप ज्योति तथा ध्येय गीत के साथ किया। कार्यक्रम का संचालन सहमंत्री संस्कार निशांत पंवार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी छात्र छात्राओं ने वीर रस से संबंधित अपनी प्रस्तुति कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में प्रान्तीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. गिरीश चंद शर्मा, डॉ. अजय वर्मा, डॉ. रविंद्र प्रताप सिंह, महामंत्री आचार्य आशीष शर्मा, कोषाध्यक्ष यश, संतोष शर्मा, आचार्य विनय कौशिक, मधु शर्मा, सोनाली वर्मा, आरती पंवार, संगीता शर्मा आदि मौजूद रहे।

## बागियों ने उड़ाई भाजपा..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

सिंह भंडारी ने भाजपा के खिलाफ बगावत का बिगुल फूंक रखा रखा है।

वही रुद्रपुर सीट पर विधायक राजकुमार ठुकराल निर्दलीय चुनाव मैदान में उतर कर भाजपा को सबक सिखाने की बात कह रहे हैं। कर्णप्रयाग तथा किच्छा में भी भाजपा प्रत्याशियों को अपनों के विरोध से जूझना एक बड़ी चुनौती बना हुआ है रामनगर और कालाढूंगी में भी भाजपा नेताओं के बगावती तेवर दिख रहे हैं। भले ही भाजपा नेता बगावत से इन्कार व रूठों को मनाने की बात कर रहे हो लेकिन पहाड़ से मैदान तक जिस तरह यह बगावत की आग फैली हुई है भाजपा कैसे डैमेज कंट्रोल कर पाती है और इसे रोकने में कितनी कामयाब होगी समय ही बताएगा। लेकिन यह बगावत भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती जरूर है।

## धामी ने किया चिन्यालीसौड़ में जनसम्पर्क अभियान

संवाददाता

उत्तरकाशी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज उत्तरकाशी के चिन्यालीसौड़ पहुंचे और वहां उन्होने जनसम्पर्क अभियान शुरू किया।

बता दें कि उत्तरकाशी जिले की यमुनोत्री विधानसभा सीट पर चिन्यालीसौड़ शहर की समस्याएं मुख्य चुनावी मुद्दा है। चिन्यालीसौड़ का बीते पांच वर्षों में काफी विस्तार हुआ, लेकिन समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं।



बताया जा रहा है कि नगर में वर्तमान में करीब पांच हजार मतदाता हैं। यमुनोत्री व गंगोत्री धाम का प्रमुख पड़ाव होने के कारण यहां सीजन में तीर्थयात्रियों व पर्यटकों की भी खूब भीड़ रहती है। शहर की सबसे बड़ी समस्या यहां फायर सर्विस का नहीं होना बताया जाता है। आग लगने पर घटना होने पर करीब एक घंटे बाद उत्तरकाशी से फायर सर्विस यहां पहुचती है। इसके अलावा चिन्यालीसौड़ के सीएचसी को उप जिला चिकित्सालय बनाने का प्रस्ताव शासन में लंबे समय से लम्बित है।

## कांग्रेस ने किया संगठन का विस्तार

देहरादून (सं)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल द्वारा आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी संगठन का विस्तार करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता रघुबीर सिह बिष्ट को प्रदेश महामंत्री एवं दान सिंह राणा, देवेन्द्र कन्याल, मेहदी हसन एवं नासिर खान को प्रदेश सचिव पद की जिम्मदारी सौंपी गई है।

इस बात की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव संगठन मथुरादत्त जोशी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल द्वारा प्रदेश कांग्रेस संगठन का विस्तार करते हुए रघुबीर सिह बिष्ट को प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी के साथ–साथ श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र में समन्वयक का दायित्व भी सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता दान सिह राणा, मेहदी हसन एवं नासिर खान को प्रदेश सचिव बनाया गया है। गणेश गोदियाल ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा की है कि वे अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए अपने–अपने क्षेत्र के पार्टी प्रत्याशियों की विजय सुनिश्चित करने में सहयोग करेंगे।

## नामांकन पत्रों की जांच जारी, प्रत्याशियों...

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

पत्र भरे गए हैं वहीं आम आदमी पार्टी और सपा–बसपा द्वारा भी सभी सीटों पर प्रत्याशी उतारे जाने से नामांकन कराने वालों की संख्या बढ़ी है। बीते 2017 में 723 नामांकन पत्र भरे गए थे। आज नामांकन पत्रों की जांच के बाद पता चलेगा कि कुल कितने प्रत्याशी चुनाव मैदान में होंगे। राज्य में 14 फरवरी को सभी 70 सीटों पर एक साथ मतदान होना है तथा 10 मार्च को चुनाव के नतीजे आएंगे।



## एक नजर

# अस्पताल के कोविड वार्ड में आग लगने से एक कोविड मरीज की मौत!

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के वर्धमान मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में आग लगने की घटना से एक कोविड मरीज की मौत हो गई। आग लगने की घटना के बाद मरीजों में दहशत फैल गया। हादसे में मृतक कोविड मरीज की पहचान ६० वर्षीय संध्या रॉय के रूप में की गई है जो कि पूर्वी वर्धवान जिले की निवासी थीं। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि आग लगने की घटना अस्पताल के राधारानी वार्ड में शनिवार तड़के हुई है। कोविड महामारी के सामने आने के बाद राधारानी वार्ड को कोविड मरीजों के लिए निर्धारित कर दिया गया है। आग लगने की घटना सामने आते ही मरीजों के परिजन आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। इसके बाद तत्काल फायर ब्रिगेड को बुलाया गया और पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। वर्धमान मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्रिंसिपल प्रबीर सेनगुप्ता ने कहा कि आग लगने की घटना के जांच के आदेश दे दिए गए हैं।



# नवजोत सिद्धू ने अमृतसर ईस्ट विधानसभा सीट से भरा नामांकन

अमृतसर । पंजाब में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष और फेमस नेता नवजोत सिंह सिद्धू ने शनिवार को अमृतसर ईस्ट विधानसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। बता दें कि साल २०१७ में नवजोत सिंह सिद्धू ने इसी से सीट से विधायकी का चुनाव जीता था। इन विधानसभा चुनावों में बीजेपी ने उनके खिलाफ डॉक्टर जगमोहन सिंह राजू को टिकट दिया है। वहीं इससे पहले शुक्रवार को नवजोत सिंह सिद्धू ने अपने नामांकन के लिए जानकारी देते हुए एक ट्वीट किया था। जिसमें उन्होंने लिखा था कि मैं अपना नामांकन शनिवार को ११.१५ बजे भरूंगा। बता दें कि शिरोमणि अकाली दल के बिक्रम सिंह मजीठिया भी इसी सीट से दावेदार हैं। उन्होंने अपना नामांकन शुक्रवार को भरा था। वहीं इससे पहले पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह ने नवजोत सिंह सिद्धू पर पाकिस्तान के साथ संबंध होने के आरोप लगाए थे। जिसके बाद राज्य के सीएम चरणजीत सिंह चन्नी ने नवजोत सिद्धू का बचाव किया है। उन्होंने अमरिंदर सिंह पर पलटवार करते हुए कहा कि कैप्टन अमरिंदर सिंह एक चला हुआ पटाखा है। उन्होंने अपनी ही पार्टी, किसानों और पंजाब के लोगों की पीठ में छुरा घोंपा है। अब उसे कोई गंभीरता से नहीं ले रहा है।



# बस्तर में नक्सलियों ने लकड़ियों से भरे तीन ट्रकों को किया आग के हवाले

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में शुक्रवार शाम नक्सलियों ने जिला मुख्यालय से करीब ५० किलोमीटर दूर हिरंगई गांव के झारा घाटी में सेमल लकड़ियों से भरे ३ ट्रकों को आग के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि ये तीनों ट्रक जगदलपुर से नारायणपुर सेमल लकड़ी लेने पहुंचे हुई थे और इसी दौरान नक्सलियों ने झारा घाटी में ट्रकों को रोककर उनके ड्राइवर को बाहर निकाला और घटना को अंजाम दिया। इस घटना में तीनों ट्रक पूरी तरह से जलकर खाक हो गए। हालांकि नक्सलियों ने ड्राइवरो को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद शुक्रवार को देर शाम धनोरा थाना से पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची। बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने अपने बंद के दौरान घटना को अंजाम दिया है ,वही ट्रक मालिकों से लेवी की बात भी सामने आ रही है। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात नक्सलियों के खिलाफ मामला दर्ज करना लिया है। साथ ही मामले की जांच करने की भी बात कही जा रही है। दरअसल नक्सली बस्तर के अंदरूनी क्षेत्रों में विकास कार्यों में लगे वाहनों में आगजनी की घटना को अंजाम देते आये हैं। वहीं सेमल लकड़ी से भरी तीन ट्रकों को आग के हवाले करने के पीछे नक्सलियों ने कोई पर्चा जारी नहीं किया है।



# भाजपा झूठ की राजनीति करती है: कांग्रेस



संवाददाता

देहरादून। भाजपा के नेता झूठ और फरेब की राजनीति करते हैं, आज आम आदमी के सामने जो महंगाई व बेरोजगारी और भ्रष्टाचार की समस्याएं हैं वह भाजपा की देन है। केंद्र की मोदी व राज्य की भाजपा सरकार ने अपने किए हुए किसी भी वायदे को पूरा नहीं किया है।

आज यहां कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में यह बात कांग्रेस के नेता व प्रवक्ता शक्ति सिंह मोहिल व गौरव वल्लभ ने कहीं। मोहिल ने भाजपा की डबल इंजन सरकार के सगूफे पर सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा का यह डबल इंजन बीते 7 साल से एक पूर्व की ओर गाड़ी को खींच रहा है और दूसरा पश्चिम की तरफ खींच रहा है तथा इन दोनों इंजनों के बीच

**❏पूंजीपतियों को 8 लाख करोड़ का फायदा पहुंचाया, गरीबों को मुट्ठी भर राशन**

फंसी आम जनता पिस रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले अच्छे दिनों के आने और लाने की बात कहकर लोगों को ठगा था। फिर किसानों की आय दोगुना करने की बात कहकर किसानों के साथ धोखा किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार सामाजिक विभाजन की राजनीति कर धर्म और जाति के आधार पर सिर्फ वोट बटोरना चाहती है। गौरव वल्लभ ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने आम आदमी को कुछ नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 7 साल में कुछ चंद अपने पूंजीपति मित्रों का 8 लाख करोड़ से ज्यादा की रकम बट्टे खाते में डलवा दी गई। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार आम आदमी को चंद पैसे उसके खाते में सम्मान निधि के नाम पर या फिर गरीबों को पांच-पांच किलो मुफ्त राशन देकर उनका वोट बटोरना चाहती है।

वास्तव में वह पूंजीपतियों की मददगार है आम आदमी की नहीं। उन्होंने कहा कि आज महंगाई के कारण आम आदमी को दो वक्त पेट भर रोटी मिलना भी मुश्किल हो गया है। पेट्रोल-डीजल व खाद्य वस्तुओं तथा रसोई गैस की कीमतों ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। देश के किसान और मजदूर परेशान हैं और भाजपा उन्हें झूठे वायदों के जाल में उलझाए रखकर उनका वोट बटोरने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश व देश की जनता भाजपा का सच जान चुकी है और वह भाजपा की विदाई को तैयार दिख रही है।

# चोरी के माल सहित महिला गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

देहरादून। होमगार्ड केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान के नवनिर्मित छात्रावास में हुई चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक महिला को चोरी के माल सहित गिरफ्तार कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज होमगार्ड केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान द्वारा थाना रानीपोखरी पुलिस को सूचना दी गयी कि होमगार्ड प्रशिक्षण संस्थान थानों के नवनिर्मित छात्रावास के कमरों के ताले तोड़कर पानी की टोंटी तोड़कर चोरी की गई है। बताया गया कि चोरी करने वाली किसी महिला को अभी-अभी परिसर से जाते हुए देखा गया है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस ने मौके पर पहुंच कर प्रशिक्षण संस्थान के आसपास सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने



चोरी करने वाली महिला संगीता को मय चोरी की 5 टोंटी , 3 मिक्चर टोंटी और 4 टूटे हुए तालों के साथ पकड़ा गया। थाने लाकर की गयी पूछताछ में आरोपी महिला द्वारा बताया गया कि मैं कबाड़ बीनने का काम करती हूं तथा कई दिनों से थानों के आसपास घूम रही थी। कबाड़ नही मिलने पर मैंने देखा यहां एक नई बिल्डिंग बनी है जिसमें कोई नहीं रह रहा था इस पर मैने उक्त बिल्डिंग में चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया गया। बहरहाल पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

## कैबिनेट मंत्री के प्रस्तावक व ग्राम प्रधान की गोली मारकर हत्या

मथुरा (हस)। कैबिनेट मंत्री के प्रस्तावक की आज दोपहर बदमाशों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गयी। हत्या की इस वारदात को मथुरा के कोसीकला थाना क्षेत्र के शनिदेव मंदिर के पास अज्ञात हमलावरों द्वारा अंजाम दिया गया है।

जानकारी मिलने पर पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए है और उन्होने मामले की जांच शुरू कर दी गयी है। दिन दहाड़े हत्या की यह वारदात मथुरा के कोसीकला थाना क्षेत्र की है। यहां योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण के प्रस्तावक और पैगांव के प्रधान रामवीर की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और बदमाशों की तलाश शुरू कर दी गई वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बता दें कि कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण जनपद के छाता विधान सभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। मंत्री के करीबी और प्रस्तावक रामवीर की आज दोपहर को अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। फिलहाल बदमाशों की तलाश की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावर बाइक पर आए थे जिनकी तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि कोसीकला के कोटवन शनि मंदिर के पास पैगांव के प्रधान रामवीर पूजा करके घर लौट रहे थे, तभी बाइक सवार बदमाशों द्वारा गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गयी है।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।
*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**
*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**
*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**
कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट
कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808
*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*